

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 25 जनवरी 2026 ■ माघ शुक्ल पक्ष -8 ■ वर्ष -41 ■ अंक-296 ■ पृष्ठ 12 ■ डाक संस्करण 26 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# छत्तीसगढ़ के 11 अफसरों को पदक

**नई दिल्ली/रायपुर, 25 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार ने पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड एवं सिविल डिफेंस तथा करेक्शनल सर्विसेज (सुधारात्मक सेवा) के कुल 982 अधिकारियों एवं कर्मियों को उनके असाधारण साहस, कर्तव्यनिष्ठा तथा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वीरता एवं सेवा पदकों से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। इसमें छत्तीसगढ़ के 11 अफसर शामिल हैं। घोषित पुरस्कारों में 125 वीरता पदक (गैलेंट्री मेडल), 101 विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक तथा 756 सराहनीय सेवा पदक शामिल हैं। वीरता पदक उन कर्मियों को प्रदान किए जाते हैं जिन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर नागरिकों की सुरक्षा, अपराध की रोकथाम अथवा संकट की घड़ी में अद्वितीय साहस का परिचय दिया। वहीं, सेवा पदक लंबे समय तक ईमानदारी, समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए दिए जाते हैं। वीरता पदक प्राप्त करने वाले कर्मियों में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों, जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर राज्यों तथा अन्य संवेदनशील इलाकों में तैनात जवानों की उल्लेखनीय भागीदारी रही है।

**छत्तीसगढ़ का योगदान**–राष्ट्रीय स्तर पर घोषित इन सम्मानों में छत्तीसगढ़ राज्य के पुलिस सेवा के अधिकारियों एवं कर्मियों को भी उनकी विशिष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया है।

**विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक**– रामावतार सिंह राजपूत, सहायक उप निरीक्षक, छत्तीसगढ़ पुलिस,**सराहनीय सेवा के लिए पदक**– छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को सराहनीय सेवा के लिए पदक से सम्मानित किया गया है :

राम गोपाल, महानिरीक्षक,शशि मोहन सिंह, पुलिस अधीक्षक,श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा, पुलिस अधीक्षक,श्रीमती राजश्री मिश्रा, पुलिस अधीक्षक,श्रीमती निवेदिता पॉल, कमांडेंट,श्रीमती मनीषा ठाकुर रावते, कमांडेंट,तर्केश्वर पटेल, सहायक पुलिस अधीक्षक,सुश्री उनेजा खातून अंसारी, सहायक पुलिस अधीक्षक,जैलाल मरकाम, सहायक कमांडेंट,हजारी लाल साहू, प्लाटून कमांडरइन सम्मानों के माध्यम से देश एवं राज्य की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, जनसेवा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों के समर्पण और बलिदान को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी गई है। छत्तीसगढ़ के सम्मानित पुलिस अधिकारी राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## गणतंत्र दिवस पर डीजी जेल हिमांशु गुप्ता समेत 25 अधिकारी को मिलेगा राष्ट्रपति पदक

**रायपुर,25 जनवरी।** स्वतंत्रता दिवस 2025 के मौके पर महानिदेशक जेल हिमांशु गुप्ता समेत पुलिस विभाग के आईजी ध्रुव गुप्ता अअवि पीएचक्यू, एसएसपी सूरजपुर प्रशांत ठाकुर समेत 25 अफसर-कर्मियों को राष्ट्रपति का पुलिस पद देने की घोषणा की गई. इन्हें 26 जनवरी 2026 को पुलिस मैदान रायपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यपाल रमेन डेका द्वारा राष्ट्रपति पदक प्रदान किया जाएगा. केन्द्रीय गृह विभाग के मुताबिक डीजी जेल गुप्ता को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवाओं के लिए आईजी ध्रुव गुप्ता, डीआईजी प्रशांत ठाकुर, सेनानी 19वीं वाहिनी छसबल जगदलपुर श्वेता राजमणी, पुलिस अधीक्षक, जिला-कोरिया रवि कुमार कुर्रे, निरीक्षक अ/स्टेनो पीएचक्यू कौशिल्या भट्ट, समनि (गुप्तवार्ता) पीएचक्यू रोहित कुमार झा, निरीक्षक अ, विशेष शाखा पीएचक्यू कमलेश कुमार मिश्रा, प्लाटून कमाण्डर 13वीं वाहिनी छसबल कोरबा डाल सिंह नामदेव, कंपनी कमाण्डर, 15वीं वाहिनी छसबल बीजापुर दिलीप कुमार सिन्हा, एपीसी प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई सुशील कुमार बरूआ को प्रदान किया जाएगा.

**वीरता पदक के लिए चयनित सभी अफसर-कर्मी सुकमा व दंतेवाड़ा के** सुकमा के तीन शहीद पुलिस कर्मियों रामूराम नाग एएसआई, कुंजाम जोगा और वंजाम भीमा, आरक्षक समेत 14 अधिकारियों व कर्मियों को राष्ट्रपति का वीरता पदक प्रदान किया जाएगा. वीरता पदक के लिए चयनित अधिकारियों-कर्मियों में सुनील शर्मा, पुलिस अधीक्षक, सुकमा हाल परिसहाय राजभवन, सुकमा के उपनिरीक्षक संदीप कुमार माडिले, आरक्षक मड़कम पाण्डू, मड़कम हड़मा, मड़कम देवा, बारसे हुंगाए, सहायक आरक्षक रोशन गुप्ता, सूरज कुमार मरकाम, (हाल प्रधान आरक्षक, दंतेवाड़ा) आरक्षक माड़वी सन्नू दंतेवाड़ा, कंपनी कमाण्डर, 17वीं वाहिनी छसबल करोड़ सिंह एवं पुरुषोत्तम देवांगन, आरक्षक 941 दंतेवाड़ा शामिल हैं.

## बांग्लादेश में हिंदू युवक को जिंदा जलाया

**ढाका,25 जनवरी।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में, ढाका से करीब 50 किलोमीटर दूर नरसिंगदी शहर में एक 23 साल के हिंदू युवक को सोते समय जिंदा जला दिया गया। इस घटना ने मुस्लिम-बहुल देश में अल्पसंख्यक आबादी की सुरक्षा पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक की पहचान चंचल चंद्र भौमिक के रूप में हुई है, जो नरसिंगदी पुलिस लाइंस के पास एक गैरेज में काम करते थे। यह दुखद घटना शुक्रवार रात की है। काम के बाद थके हुए भौमिक गैरेज के अंदर ही सो गए थे। इसी दौरान कुछ अज्ञात हमलावरों ने गैरेज में आग लगा दी। गैरेज में पेट्रोल और इंजन ऑयल जैसे ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग तुरंत फैल गई, जिससे भौमिक की दम घुटने और जलने से मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज में हमलावरों को आग लगाते हुए देखा गया है, जिसे स्थानीय लोग एक सोची-समझी हत्या बता रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की तलाश जारी है। 2022 की जनगणना के अनुसार, बांग्लादेश में लगभग 1.31 करोड़ हिंदू रहते हैं, जो कुल आबादी का करीब 7.95 प्रतिशत हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद से बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के दर्जनों मामले सामने आए हैं।

### अवकाश सूचना

गणतंत्र दिवस पर दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ एवं कार्यालय में 26 जनवरी 2026 को अवकाश रहेगा। अतः अगला सांध्य संस्करण 27 जनवरी 2026 एवं डाक संस्करण 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित होगा।

**-व्यवस्थापक**









विधायक भावना बोहरा के मार्गदर्शन में

# पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में चहुमुंखी विकास जारी :गोस्वामी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 25 जनवरी।** पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने विकास कार्य के सवाल पर चर्चा करते हुए कहा की पंडरिया विधानसभा में इंदौरी , पांडातराई , पंडरिया , कुकदूर कुई , कुंडा , दामापुर सहित शहर और गांवों में गुणवत्ता युक्त विकास कार्य पंडरिया विधायक भावना बोहरा दीदी के मार्गदर्शन में युद्ध स्तर पर विकास कार्य जारी है । गांव गांव में सुंदर मकान बन रहे है ओर गुणवत्तायुक्त बहुत सारी सड़को का जाल बिछ रहा है । अरबों के विकास कार्य धरातल पर दिख रहा है । छात्राओं के लिए कालेज जाने के लिय बस निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है और मरीजों के लिए निशुल्क एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध है । किसानों ओर गरीब परिवार , मध्यमवर्गीय परिवार के लोग भावना दीदी को एंबुलेंस दीदी के नाम से भी सम्मान देते है



क्योंकि जब भी तबियत खराब होती है या कोई दुर्घटना होती है तो फोन करने पर एंबुलेंस तुरंत पहुंचती है । गांवों में अच्छे से किसानों ओर सभी परिवार को शुद्ध पेयजल मिले जिस पर भी हमेशा फोकस रहता है । शासन की योजनाओं का लाभ अच्छे से प्रत्येक परिवार तक पहुंचे जिस पर हमेशा भावना दीदी ध्यान देती है । किसानों , गरीब परिवार , मध्यम वर्गीय परिवार ओर सभी परिवार पंडरिया में विकास की तस्वीर को देखकर खुश देखे जाते है । पंडरिया विधायक भावना बोहरा दीदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने का सार्थक प्रयास कर रही है । पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने एक बात पर जोर देते हुय कहा की कांग्रेस कार्यकाल में भ्रष्टाचार की चर्चा होती थी लेकिन भाजपा सरकार में सिर्फ गुणवत्तायुक्त चहुमुखी विकास की चर्चा होती है ।

## गणतंत्र दिवस आयोजन के लिए किया गया अंतिम पूर्वाभ्यास

**दुर्ग, 25 जनवरी ।** जिला मुख्यालय में गरिमामय गणतंत्र दिवस आयोजन के लिए आज कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह और एसपी विजय अग्रवाल की मौजूदगी में अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान मुख्य अतिथि की भूमिका में सभी निर्धारित कार्यक्रमों का अभ्यास किया गया। मंच पर मुख्य अतिथि के आगमन व ध्वजारोहण का अभ्यास के साथ ही कलेक्टर और एसपी के साथ परेड निरीक्षण, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरों से परिचय, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फोटो सेशन सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया।

## समाचार संक्षेप

### बसंत पंचमी पर प्रतिभाशाली बच्चे सम्मानित



**उतई, 25 जनवरी (तछसं.)।** बालाजी विद्यापीठ स्कूल सांकरा में बसंत पंचमी के अवसर पर प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए युवा सरपंच रवि सिंगौर सर्व प्रथम माँ सरस्वती के शैल चित्र पर पूजा अर्चना किया गया सरपंच रवि सिंगौर सभी ग्रामवासियों को बसंत पंचमी के बधाई देते हुये कहा की माँ सरस्वती की असीम कृपा सदैव बनी रहे कहते हुये बच्चो को पुरुस्कार वितरण भी किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामशरण बंधे उपसरपंच, तुलराम सिंगौर पंच, कामता सिंगौर, नागेश सिंगौर, मनीष सिंगौर, सहित सभी पालकगण व ग्रामवासी जन मौजूद रहे ।

### राममंदिर स्थापना दिवस दीप जलाकर मनाया



**भिलाई, 25 जनवरी।** श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्ष के उपलक्ष्य में तथा श्री गणेश के जन्मदिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय बजरंग दल एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति, डुंडेरा के तत्वावधान में दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा व भक्ति का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया।

### गणतंत्र दिवस को लेकर रेलवे स्टेशन में की सघन सुरक्षा जांच



**भिलाई, 25 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेल सुरक्षा बल, बिलासपुर मुन्नवर खुर्शीद एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेल सुरक्षा बल, रायपुर के निर्देशानुसार 24 जनवरी को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर सघन सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया। पोस्ट प्रभारी दुर्ग एस.के. सिन्हा के नेतृत्व में रेल सुरक्षा बल, स्थानीय थाना मोहन नगर की पुलिस, बीडीडीएस टीम, डॉग स्क्वाड एवं जीआरपी द्वारा संयुक्त रूप से यह अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान स्टेशन के सर्कुलेटिंग एवं पार्किंग एरिया में खड़े वाहनों की जांच की गई। मुख्य द्वार पर लगे बैगेज स्कैनर से यात्रियों के सामानों की जांच डीएसएमडी, एक्सप्लोसिव डिटेक्टर एवं श्वान दल की सहायता से की गई। इसके अलावा वेटिंग हॉल, प्लेटफॉर्म एवं स्टेशन परिसर में मौजूद यात्रियों के सामानों की सघन जांच की गई। पार्सल कार्यालय में बुक किए गए तथा आवक पार्सलों को स्कैनर मशीन से चेक किया गया। ट्रेन संख्या 15160 की जांच कर उसे सुरक्षित रूप से रवाना किया गया। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से स्टेशन परिसर की लगातार निगरानी रखी गई तथा पीए सिस्टम के जरिए यात्रियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

### पुलिस ने छापा मारकर 21 जुआरियों का पकड़ा



**भिलाई, 25 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के लंबे समय से जुआ का अवैध कारोबार चल रहे मकान में पुलिस ने दबिश देकर 21 जुआरियों को गिरफ्तार किया है जुआरियों के पास से पुलिस ने कुल 9.66 लाख रुपए के सामान, 10 बाइक और 35 मोबाइल बरामद किया है मौके से पुलिस ने नगदी 1.91 लाख रुपए, ताश पत्ती मिला है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नंदिनी स्थित ग्राम रवेलीडीह में टीकाराम वर्मा के मकान में हारजीत का दांव लग रहा था नंदिनी थाने पुलिस ने घेराबंदी कर मकान में दबिश दिया जहां से पुलिस ने जुआ खेल रहे बोडेगांव निवासी सोहन देवांगन सूरडंग कमलेश्वर सिंह, दुर्ग धनराज चदीवार, स्मृति नगर प्रशांत वर्मा, खुर्सीपार सुकेश नंदा, कोहका नयन साहू, नगपुरा संतोष सेन, जसवंत गोस्वामी, धमेन्द्र कुमार सिन्हा, सुरडुंग संतोष शुक्ला, वैशाली नगर मोहित वर्मा, खपरी चेतन शर्मा, रामपुर प्रवीण सिंह, बिजली आफिस के पीछे हाउसिंग बोर्ड जामुल भिलाई दुखीराम वैष्णव, कोहका ध्रुव कुमार सोनी, दुर्ग दिनेश सोनी. जामुल मोहित जायसवाल, स्मृति नगर विक्की साहू, नगपुरा प्रकाशदास गोस्वामी, जामुल प्रकाश निर्मलकर, कोहका हिमांशु निषाद को पकड़ा गया जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है ।

### रकम ट्रांजेक्शन को लेकर विवाद,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 25 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई ट्रांजेक्शन रकम को लेकर विवाद करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम करगाडीह गिरधर लाल साहू (गजपाल) ने शिकायत किया कि उनकी ग्राम उमरपोटी में गजपाल किराना और कंप्यूटर वर्क की दुकान है दुकान पर ग्राहक डिजिटल लेन-देन के लिए आते हैं जिस पर वह प्रति ट्रांजेक्शन 10 रुपए रकम लिया जाता है 20 जनवरी को देव लाल टंडन का बेटा अपने छोटे भाई के साथ दुकान पहुंचा था आरोप है कि उन्होंने दुकान में लगे बारकोड से 200 रुपए का ट्रांजेक्शन कराया जिस पर नियम के मुताबिक 10 रुपए शुल्क की जानकारी दी गई ।

## एक नजर

### झुलसी महिला को रायपुर रेफर किया

**भिलाई, 25 जनवरी (तछसं.)।** महिला ने अपने शरीर को आग लगाने का मामला सामने आया है गंभीर अवस्था में महिला को जिला अस्पताल दुर्ग भेजा गया जहां से उसे रायपुर रेफर किया गया है घटना दुर्ग सिटी कोतवाली की घटना है मिली जानकारी के मुताबिक पचरीपारा दुर्ग निवासी शबाना निशा उर्फ रानी किराए के मकान में रहती थी महिला पचरीपारा वार्ड 28 से कांग्रेस की टिकट से पार्षद चुनाव लड़ चुकी है। महिला के मकान में न्यायालय के आदेश के बाद मकान खाली कराने न्यायालय कर्मी और पुलिस पहुंची थी उनके सामने ही महिला शबाना ने घटना को अंजाम दिया घटना में महिला बुरी तरह झुलस गई किराए के मकान को जहां रहती थी उसे जमीन मालिक बेच दे ताकि महिला वहां रह सके लेकिन मकान मालिक इसके लिए राजी नहीं हुआ। जिला न्यायालय के फैसले के बाद मकान खाली कराने टीम पहुंची तभी आत्महत्या करने की नीयत से शबाना स्वयं को आग के हवाले कर दिया। महिला 95 प्रतिशत जल चुकी है उपचार के लिए महिला को रायपुर स्थित डीकेएस अस्पताल दाखिल कराया गया है। जहां खबर लिखे जाने तक गंभीर स्थिति बनी हुई है। मामले में सिविल सर्जन दुर्ग डॉ आशीष मिंज ने बताया कि महिला को अस्पताल उपचार के लिए लाया गया था। महिला बुरी तरह झुलसी झुलसा हुई हुई थी गंभीर हालत को देखते हुए उसे रायपुर रेफर किया गया है मिट्टी तेल की बदबू आ रही थी मालिक मकान नहीं बेचना चाहता था, चल रहा था विवाद बताया जा रहा है कि शबाना बचपन से फेरूराम के मकान में किराए पर निवासी करती थी। मालिक मकान नहीं बेचना चाहता। ऐसे में दोनों में लंबे समय से विवाद चल रहा था। जब कोई भी हल नहीं निकला तो मकान मालिक ने जिला न्यायालय में शरण लिया। न्यायालय में मामला जाने के बाद शबाना को हार का मुंह देखना पड़ा। जिसके बाद कब्जा दिलाने के लिए आदेश न्यायालय ने जारी हुआ पुलिस और न्यायालय कर्मी खाली कराने पहुंचे। बातचीत के दौरान ही शबाना अचानक घर के भीतर गई और शरीर को आग के हवाले कर दिया। आग लगते ही शबाना मकान के बाहर निकली, जिसे देख पुलिस और न्यायालय कर्मी पीछे हट गए आसपास के लोगों ने जलती शबाना को चादर की मदद से आग बुझाया मगर महिला बुरी तरह जल चुकी थी जिसे जिला अस्पताल ले जाया गया। इलाज जारी है।



### ट्रेन से युवक के दोनों पैर कट गए

**भिलाई, 25 जनवरी (तछसं.)।** दल्ली राजहरा ट्रेन में सवार होकर दुर्ग स्टेशन पहुंचा युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसके दोनों पैर ट्रेन की चपेट में आने से कट गए दुर्ग जीआरपी चौकी पुलिस ने तुरंत घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है जीआरपी चौकी दुर्ग के विजय पैकरा ने बताया कि टीचर कॉलोनी दल्ली राजहरा निवासी विजय नारायण बघेल (46 साल ) पिता कन्हैया लाल बघेल दल्ली राजहरा से सवार होकर दल्ली राजहरा-दुर्ग पैसेंजर ट्रेन से दुर्ग आया हुआ था जब प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन रुकने के दौरान जब वह उतरने लगा तो उसका पैर स्लिप हो गया और वह ट्रेन की चपेट में आ गया।

इस दौरान उसके दोनों पैर कट गए जीआरपी चौकी पुलिस ने डायल 108 को फोन किया परंतु समय पर वाहन नहीं पहुंची तब घायल को ऑटो में लेकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया इस गंभीर घटना के दौरान 108 वाहन का समय पर नहीं पहुंचने एवं लापरवाही को देखते हुए स्टेशन पर लोगों के बीच आक्रोश व्याप्त हो गया था दुर्ग जीआरपी चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल के वार्षिक क्रीड़ा उत्सव में विजेता किए गए सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,25 जनवरी।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गईं। इस विशिष्ट समारोह के सम्माननीय अतिथि के रूप में डॉ. बीएस चौहान जी, प्राचार्य पी.जी. कॉलेज, कबीरधाम एवं विशिष्ट अतिथि श्री रेखचंद मुंदड़ा जी पूर्व प्राचार्य कवर्धा मंचासीन थे। इस शुभ अवसर पर संचालन समिति के पदाधिकारी व निर्देशक गण, शाला के प्राचार्य, प्रशासक, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ, छात्र-छात्राएं अधिकांश संख्या में पालक गण उपस्थित थे। सम्माननीय अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय में स्वागत किया गया। अतिथियों के कर कमलों द्वारा शाला का ध्वज फहराया गया तथा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर पूजन व वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मीडिया प्रभारी पीजीटी




डॉक्टर विजय कुमार शाही ने बतलाया कि प्राचार्य मनोज कुमार राय ने अपना स्वागत भाषण दिया जिसमें शाला की क्रीडा संबंधित उपलब्धियों के विषय में विस्तार से अतिथियों को अवगत करवाया। शाला के श्रेष्ठ धावकों ने मशाल को नियत स्थान पर स्थापित किया। शाला के छात्र- छात्राओं ने विविध प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। छात्राओं ने योग प्रदर्शन तथा छात्रों द्वारा पिरामिड की रचना कर दर्शक दीर्घा की वाहवाही लूटी। इस शुभ अवसर पर कबड्डी स्पर्धा, 100 मीटर की दौड़ तथा रिले रेस 400 मी संपन्न कराई गई। शाला के आजाद सदन, भगत सदन, टैगोर सदन तथा विनोबा सदन के छात्राओं ने समस्त स्पर्धा में सहभागिता निभाकर उत्कृष्टता हासिल करने का भगीरथ प्रयास किया। समस्त सम्माननीय अतिथियों के करकमलों द्वारा जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तरीय पर से उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल, शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समस्त सम्माननीय अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शाला की उपलब्धियां की भूरि भूरि प्रशंसा की। श्री महावीर जैन, निदेशक, शाला प्रबंधन समिति ने शारीरिक गतिविधियां को बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। समस्त अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। संस्था के क्रीड़ा शिक्षक बिपिन तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष, समस्त संचालक गण , प्रशासक व समस्त पदाधिकारीगण ने शाला परिवार को हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं।

# सेल स्थापना दिवस पर बीएसपी ने जारी किया हाफ मैराथन का पोस्टर



**भिलाई, 25 जनवरी।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित की जाने वाली भिलाई स्टील हाफ मैराथन 2026 के आधिकारिक पोस्टर को संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सेल के स्थापना दिवस 24 जनवरी के अवसर पर जयन्ती स्टेडियम में आयोजित रन फॉर सेल कार्यक्रम के दौरान जारी किया।

इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक प्रवीन निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक प्रबीर कुमार सरकार, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक, सीएमएलओ कमल भास्कर तथा कार्यपालक निदेशक, सीएमएलओ अरुण कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधकगण एवं क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित की जाने वाली भिलाई स्टील हाफ मैराथन 2026 के आधिकारिक पोस्टर को संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सेल के स्थापना दिवस 24 जनवरी के अवसर पर जयंती स्टेडियम में आयोजित रन फॉर सेल कार्यक्रम के दौरान जारी किया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक प्रवीन निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक प्रबीर कुमार सरकार, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक, सीएमएलओ कमल भास्कर तथा कार्यपालक निदेशक, सीएमएलओ अरुण कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधकगण एवं क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस ने वैशाली नगर में संदिग्धों की तलाश की

**भिलाई, 25 जनवरी।** शहर में बाहरी संदिग्ध किस्म के लोगों को तलाश करने टीम पहुंची ऑपरेशन सुरक्षा के तहत अवैध हथियार, नशे के सामान बाहरी संदिग्ध की तलाश थी इस दौरान दुर्ग पुलिस ऑपरेशन विश्वास के तहत अभियान चलाकर भोर में वैशाली नगर क्षेत्र में पहुंची भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि जिले में शान्ति व्यवस्था कायम रखने निचली बस्तियों, अटल आवास, वाम्बे आवास में छिपकर रहने वाले संदिग्धों, अवैध हथियार, नशे की सामग्री रखने वालों की चेकिंग की गई वैशाली नगर थाना क्षेत्रांतर्गत जवाहर नगर स्थित निचली बस्ती अटल आवास, वॉम्बे आवास के 90 मकानों में छिप कर रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, अवैध हथियार, नशे की सामग्री रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने 44 से अधिक अधिकारी कर्मचारी पहुंचे अभियान के तहत

# रन फॉर सेल दौड़ में आलोक और अवि मिश्रा रहे विजेता




**भिलाई, 25 जनवरी।** सेल स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 24 जनवरी को जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किमी पैदल चाल-दौड़ का आयोजन प्रातः 8 बजे से किया गया, जो जयंती स्टेडियम से प्रारम्भ होकर टीए बिल्डिंग, पोस्ट ऑफिस, मिराज सिनेमा, भिलाई निवास, चोपड़ा पेट्रोल पम्प होते हुए वापस जयंती स्टेडियम में समाप्त हुआ। इस दौड़ में भाग लेने हेतु लगभग 3000 की संख्या में प्रतिभागी उपस्थित हुए थे। प्रतियोगिता में सेल कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य तथा सेल द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं ने भाग लिया था। प्रतिभागियों को भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सेल की झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक प्रवीन निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक प्रबीर कुमार सरकार, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक, सीएमएलओ कमल भास्कर एवं कार्यपालक निदेशक, सीएमएलओ अरुण कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं महाप्रबंधकगण संयंत्र के क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। चित्त रंजन महापात्र ने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष रन फॉर सेल मैराथन में भाग लेना वास्तव में अपने आप में एक रिकॉर्ड है और हम सभी के लिए बहुत गर्व का दिन है। संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र सहित कार्यपालक निदेशकों द्वारा इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। दौड़ के पहले उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने स्वस्थ जीवनशैली हेतु सभी को शपथ दिलाई। संचालन सुप्रियो सेन एवं जे एन ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया एवं प्रतियोगिता का समन्वयन प्रशिक्षक अनिरुद्ध द्वारा किया गया। सेल स्थापना दिवस 5 कि.मी. दौड़ के अन्य श्रेणियों के अंतिम परिणाम इस प्रकार है- कक्षा छठी तक के बालक आदित्य (बेस्ट क्लॉकिंग टाइम -21 मिनट 40.00 सेकण्ड), निखिल तथा वरुण शिखा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा छह तक की बालिका वर्ग में अवि मिश्रा (बेस्ट क्लॉकिंग टाइम -27 मिनट 40.01 सेकण्ड), सुर्यांशी मौर्या एवं बरखा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

## नौकरी लगने के नाम से ठगी, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई, 25 जनवरी (तछसं.)।** नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है अंजोरा चौकी पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 12, कदम कैपिटल टाउन, अंजोरा निवासी सचिन मालगी ने पुलिस में शिकायत किया था। जिसमें मकान नंबर 1 त्रिमूर्ति कॉलोनी महासमुंद निवासी विकास चंद्राकर नामक व्यक्ति शासकीय चिकित्सक के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 20 लाख रुपये का रकम लिया था नौकरी नहीं लगने पर रुपए वापस करने कई बार उसे बोला गया लेकिन रकम नहीं लौटाया परेशान होकर शिकायत पुलिस से की गई आरोपी विकास चंद्राकर से पूछताछ करने पर बताया कि मई 2023 में पीड़ित से डॉक्टर की नौकरी लगाने के नाम पर रकम लेने स्वीकार किया विभिन्न किस्तों में 8 लाख रुपये सचिन व उसकी पत्नी कीर्ति पटानी के खाते में वापस किया 13 लाख रुपये के लिए एसबीआई के अपने खाते के दो चेक 5-8 लाख रुपये दिया गया आरोपी विकास उक्त चेकों का भुगतान करने की नीयत न रखते हुए खाते में पे-ऑप्शन सक्रिय नहीं कराया जिससे लाखों रुपए की ठगी कृत्य स्पष्ट रूप से प्रमाणित होने पर पुलिस ने गिरफ्तार किया ।



# मनरेगा बहाली तक दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में चौपाल का आयोजन जारी रहेगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,25 जनवरी।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आज दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करगाडीह, बोरिगारका एवं घुघसीडीह में कांग्रेस पार्टी द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को मनरेगा के अधिकार, रोजगार की अनिवार्यता और भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर किए जाने के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, मनरेगा बचाओ संग्राम के दुर्ग जिला प्रभारी श्री राजेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मजदूर साथी एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे।चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री





ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन भाजपा सरकार की नीतियों के चलते मनरेगा को बंद किया जा रहा है। मजदूरों को समय पर काम नहीं मिल रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों का जीवन संकट में है। जिलाध्यक्ष श्री राकेश ठाकुर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक मनरेगा को पूरी तरह पुनः बहाल नहीं किया जाता और मजदूरों को उनका हक नहीं मिलता, तब तक कांग्रेस की यह लड़ाई जारी रहेगी।÷ उन्होंने ग्राम करगाडीह में स्वयं मजदूर बनकर मनरेगा के कार्य में हिस्सा लेकर यह संदेश दिया कि कांग्रेस सिर्फ बातों में नहीं, बल्कि जमीन पर मजदूरों के साथ खड़ी है।

मनरेगा बचाओ संग्राम जिला प्रभारी राजेन्द्र साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने एक स्वर में मनरेगा बचाओ संग्राम को समर्थन देने का संकल्प लिया।इस दौरान राकेश हिरवानी, योगिता चंद्राकर, घनश्याम गजपाल, जामवंत गजपाल, प्रहलाद वर्मा, धर्मेंद्र बंजारे, उमा रिगरी, कमलेश गजपाल, पुष्पा साहू, चुम्मन यादव, चुन्नीलाल चंद्राकर, खिलेंद्र मांडले, राकेश साहू, हितेश निर्मलकर, ओम ओझा, मनोहर साहू, अरुण वर्मा, गोवर्धन बारले, गजेंद्र वर्मा, अंकालू राम बंजारे, सुरता सिंह गढ़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कांग्रेसजन मौजूद रहे ।

## शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधि आयोजनों में व्यस्त,अपराधी अपराध करने में मस्तः सुशील

**जगदलपुर, 25 जनवरी।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने दंतेश्वरी मंदिर में हुई चोरी को लेकर कहा है कि विष्णु के सुशासन में अब हिन्दुओं की आराध्य देवी माई दंतेश्वरी भी सुरक्षित नहीं है। अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे इस महापाप को करने से भी नहीं घबरा रहे हैं, जिसकी जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ प्रदेश की भाजपा सरकार है, जो आज शासन और प्रशासन को आयोजनों और प्रयोजनों में उलझा कर रखी है और उन्हें उनके मूल कर्तव्यों से दूर कर चुकी है। जिसका फायदा उठाकर अपराधी अपराधों को अंजाम दे रहे हैं।

उन्होने माई दंतेश्वरी मंदिर में हुई चोरी को लेकर चेतावनी देते हुए कहा कि अगले 48 घंटे में यदि अपराधी कानून की गिरफ्त में नहीं आते हैं, तो कांग्रेस शासन-प्रशासन के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदेही भाजपा शासन और प्रशासन की होगी। सुशील मौर्य ने पिछले वर्ष दशहरा पर्व के महत्वपूर्ण आयोजन मुरिया दरबार के दौरान हुई हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौरान देश के गृहमंत्री शहर में उपस्थित थे, और उनके शहर छोड़े महज कुछ घंटे ही नहीं बीते थे कि उनके कार्यक्रम स्थल से केवल 200 मीटर की दूरी पर एक युवक की जघन्य हत्या हो जाती है, और अब जब प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अगले चौबीस घंटे में ध्वजारोहण के लिए शहर पहुंच रहे हैं, और उनके आने से पहले माई दंतेश्वरी मंदिर में चोरी की इतनी बड़ी वारदात का होना दर्शाता है, कि अपराधी अपराध करने में मस्त हैं,और शासन-प्रशासन और भाजपा के जनप्रतिनिधि आयोजन प्रयोजन में व्यस्त हैं। वहीं सुशील मौर्य ने शासन-प्रशासन और टेंपल कमेटी पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मंदिर के मुख्य पुजारी के द्वारा बार-बार मंदिर के दरवाजे कमजोर होने और उन्हें बदलने की मांग की गई थी। बावजूद इसके ना तो शासन ना प्रशासन और ना ही टेंपल कमेटी ने इसे गंभीरता से लिया जिसका परिणाम आज सबके सामने है।



















देशवासियों और कबीरधाम जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
अमर रहे
लक्की चन्द्रवंशी
पूर्व डायरेक्टर
भोरमदेव शक्कर कारखाना
कवर्धा


देशवासियों और कबीरधाम जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
अमर रहे
प्रताप चन्द्रवंशी
बीजेपी वरिष्ठ नेता


देशवासियों और कबीरधाम जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
अमर रहे
आनंद चन्द्रवंशी
युवा बिजनेसमैन कवर्धा


देशवासियों और कबीरधाम जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
अमर रहे
संजय चन्द्रवंशी
अध्यक्ष, लखनपुर उप क्षेत्र
चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज कवर्धा


मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री
मा. डा. रमन सिंह
विधानसभा अध्यक्ष
मा. विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री
मा. संतोष पांडेय
सांसद राजनांदगांव
मा. राजेंद्र चंद्रावंशी
मा. भावना वोहरा
मा. ईश्वरी साहू
जनपद पंचायत बोड़ला एवं जनपद सदस्यों की तरफ से
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
अमर रहे
श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा
अध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला
रामकिंकर वर्मा
विधायक प्रतिनिधि
नंद श्रीवास
उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला
विनीतः- बोड़ला जनपद पंचायत एवं क्षेत्रवासी


समस्त
क्षेत्रवासियों व
प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
अमर रहे
डा आशीष सिन्हा
ब्लॉक मेडिकल अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
तिल्दा


24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा
हॉस्पिटल
एम्बुलेन्स सुविधा उपलब्ध
चंद्रायन हेल्थ केयर
An ISO Certified 9001:2015
NABH ACCREDITED
कवर्धा जिले में एक मात्र NABH ACCREDITED हॉस्पिटल
कवर्धा जिले में एक मात्र एण्डोस्कोपिक एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
कवर्धा जिले में एक मात्र ESIC REGISTERED हॉस्पिटल
जिले का एक मात्र एडवांस बर्न युनिट सेंटर
कवर्धा जिले में एक मात्र CGHS द्वारा मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल
जिले का एक मात्र कैंसर युनिट
देश वासियों प्रदेश वासियों एवं
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. ब्यास नारायण चंद्रवंशी
MBBS, MS, FMAS, FIAGES, FACS (US)
एण्डोस्कोपिक, लेप्रोस्कोपिक एवं जी.आई.सर्जन
डॉ. योगिता चंद्रवंशी
MBBS (GOLD MEDALIST) DGO, CCICP
स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
डॉ. कामेश्वर केशरवानी
MBBS, DCH (AMU)
बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान भारत एवं स्मार्ट कार्ड सुविधा उपलब्ध
ओ.पी.डी. - सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
रायपुर रोड कवर्धा, जिला - कबीरधाम (छ.ग.) +91 9981248800 +91 9993288444
chandrayanhealthcare@gmail.com www.chandrayan.com


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भावना बोहरा
विधायक पंडरिया
प्रदीप पूरी गोस्वामी
अध्यक्ष मंडल पांडातराई
देश वासियों प्रदेश वासियों एवं समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भागीरथी साहू
महामंत्री
रविशंकर चंद्रवंशी
महामंत्री
महेंद्र चंद्रवंशी
उपाध्यक्ष


GURUKUL PUBLIC SCHOOL
KAWARDHA
DISTRICT: KABIRDHAM (CHHATTISGARH)
Happy
Republic Day
26th January
देशवासियों प्रदेशवासियों एवं
समस्त जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई ...
GURUKUL PUBLIC SCHOOL
KAWARDHA
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Add - Vill Maharajpur, Kawardha, Dist - Kabirdham (C.G.) 491995
Email - gpskawardha_2009@yahoo.co.in
Website : gurukulkawardha.com | Mo. 6260347114

## एक नजर

### सीजी शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को

**राजनांदगांव 25 जनवरी।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीजी टीईटी) 2026 का आयोजन 1 फरवरी 2026 को दो पालियों में प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम पाली सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5.45 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिले के परीक्षा के आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रथम पाली में 25 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 8071 परीक्षार्थी तथा द्वितीय पाली में 45 केन्द्रों पर 13179 परीक्षार्थी शामिल होंगे। व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रत्येक परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र पहुंचने कहा गया है। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व सभी प्रवेश द्वार पूर्णतः बंद कर दिए जाएंगे तथा इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनना अनिवार्य किया गया है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी तथा डार्क चॉकलेट रंग के परिधान पूर्णतः प्रतिबंधित हैं। फुटवियर में केवल चप्पल की अनुमति है। इसके अतिरिक्त कान में कोई आभूषण पहनना भी प्रतिबंधित है। परीक्षा को पूरी तरह नकल-मुक्त एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, बेल्ट, टोपी आदि का परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पूर्णतः वर्जित किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

**बलौदाबाजार, 25 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह 26 जनवरी 2026 को जिला मुख्यालय स्थित पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा क्षेत्र सांसद बृजमोहन अग्रवाल ध्वजारोहण करेंगे। समारोह के. मिनट- टु- मिनट कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 8.59 बजे मुख्य अतिथि का मंच पर आगमन एवं स्वागत होगा और प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, राष्ट्रीय धुन एवं परेड सलामी, 9:5 बजे परेड का निरीक्षण, 9:10 बजे मार्च पास्ट, प्रातः 9:20 बजे मुख्य अतिथि के द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश वाचन तथा 9.35 बजे शहीद परिवारों का सम्मान,9:40 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:10 बजे झांकी प्रदर्शन,10:25बजे पुरुस्कार वितरण पश्चात कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे ध्वजारोहण

**राजनांदगांव 25 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन 26 जनवरी 2026 को सुबह 9 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि होंगे। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 26 जनवरी 2026 को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा एवं परेड की सलामी ली जाएगी।

## निधन

### राम बाई सेन



**रायपुर।** अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी माता जी श्रीमती राम बाई सेन का स्वर्गवास आज रात्रि 11 बजे हो गया है ये नारद सेन,राकेश सेन (लकेश्वर सेन) और ओमप्रकाश सेन के माता जी थी जिसका अंतिम यात्रा कल 11 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया जाएगा।

### दशोदा देवी शर्मा

**रायपुर।** अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि श्रीमती दशोदा देवी शर्मा जी का निधन आज दिनांक 25/01/2026 को हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 2:00 बजे सिविल लाइन भाटापारा स्थित निवास से निकलेगी।अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्ति धाम,रामसागर पारा में किया जाएगा। वे 97 वर्ष की थी और अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई हैं।वे वीरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र शर्मा सुशील शर्मा (पूर्व मंडी अध्यक्ष) जितेन्द्र शर्मा और ममता मिश्रा की माताजी थी।

# संगीतमय चालीसा व महाआरती, दीप प्रज्वलन कर रामभक्तों ने मनाया राम मंदिर का स्थापना दिवस

- श्री राम मंदिर स्थापना दिवस पर प्रभात फेरी का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 25 जनवरी।** अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर निर्माण के ऐतिहासिक स्वप्न की पूर्ति एवं प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना दिवस के पावन अवसर पर सर्व हिन्दू संगठन, डोंगरगढ़ के तत्वावधान में प्रतिदिन 15 जनवरी से 25 जनवरी तक रामधुनी प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रभात फेरी नगर के विभिन्न मंदिरों से प्रारंभ होकर निर्धारित स्थल पर संपन्न होती है।




गौरतलब है कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए हिंदू समाज ने लगभग 400 वर्षों तक निरंतर संघर्ष, त्याग और तपस्या की है। अनगिनत राम भक्तों के बलिदान, साधु-संतों के प्रयास एवं समाज की एकजुटता के फलस्वरूप आज यह ऐतिहासिक स्वप्न साकार हुआ है। यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, आस्था और आत्मसम्मान का प्रतीक है।

इसी क्रम में श्री राम मंदिर स्थापना दिवस को राम भक्तों द्वारा शिव राम मंदिर, जयस्तंभ चौक में अत्यंत उत्साह एवं श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम स्थल को 221 दीपों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर महाआरती, सामूहिक चालीसा पाठ एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान जय श्री राम के उद्घोष से क्षेत्र गूंज उठा।

सर्व हिन्दू संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि राम मंदिर का निर्माण केवल एक इमारत नहीं, बल्कि हिंदू समाज की आस्था, संघर्ष और एकता का जीवंत उदाहरण है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी राम भक्तों, स्वयंसेवकों एवं नगरवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्व हिन्दू संगठन व विहिप बजरंग दल, सनातन जागृति संस्थान,श्री हनुमान भक्त युवा समिति,मातृ शक्ति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### ग्राम के 107 परिवारों तक नल के माध्यम से मिल रहा शुद्ध पेयजल

# जलजीवन मिशन से ग्राम रूपाकाठी में जीवन की गुणवत्ता में हुआ सकारात्मक सुधार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 जनवरी।** जिले के डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम रूपाकाठी में ग्रामीणों के लिए सुरक्षित एवं नियमित पेयजल की उपलब्धता एक गंभीर चुनौती थी। ग्रामीणों को अपनी दैनिक जल आवश्यकताओं के लिए हैंडपंप, कुओं तथा सीमित जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। साथ ही ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की उपलब्धता के लिए बहुत परेशानी होती थी। कई बार जल स्रोतों के सूख जाने से ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों को दूर-दराज के स्थानों से पानी लाना पड़ता था। जिससे न केवल समय और श्रम की हानि होती थी, बल्कि स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। जिसके दृष्टिगत भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम रूपाकाठी को शामिल किया गया। योजना के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को घर पर ही नल के माध्यम से सुरक्षित एवं पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराना था। मिशन अंतर्गत ग्राम में जल आपूर्ति व्यवस्था का समग्र एवं सुनियोजित विकास किया गया। तकनीकी मानकों के अनुरूप सुरक्षित जल स्रोत का चयन कर जल संरचना तथा वितरण प्रणाली का निर्माण कराया गया। जिससे जल की गुणवत्ता और निरंतरता सुनिश्चित की जा सके। पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार करते हुए ग्राम के कुल 107 परिवारों को कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अमले एवं ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। जिससे योजना न केवल समयबद्ध रूप से पूर्ण हुई, बल्कि गुणवत्ता के सभी मानकों का भी पालन किया गया।




भविष्य में जल आपूर्ति व्यवस्था की स्थिरता बनी रहे, इसके लिए ग्रामीणों को जल के समुचित उपयोग, संरक्षण तथा रखरखाव के प्रति जागरूक किया गया। जल जीवन मिशन से ग्राम के सभी 107 परिवारों तक नल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। महिलाओं और बच्चों को पानी लाने की कठिन जिम्मेदारी से राहत मिली है। जिससे उन्हें शिक्षा, घरेलू कार्यों और आजीविका संबंधी गतिविधियों के लिए अधिक समय मिल पा रहा है। स्वच्छ जल की उपलब्धता से जलजनित रोगों में कमी आयी है और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई है। जल जीवन मिशन ने ग्राम रूपाकाठी में केवल पेयजल सुविधा ही नहीं प्रदान की, बल्कि सामाजिक और आर्थिक बदलाव की नींव भी रखी है। समय और श्रम की बचत से ग्रामीणों की उत्पादकता बढ़ी है तथा जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार हुआ है।

ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती पुष्पलता साहू ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन लागू होने से पहले पानी की समस्या रोजमर्रा की चिंता बनी रहती थी। खासकर गर्मी के दिनों में महिलाओं को दूर-दूर तक पानी के लिए जाना पड़ता था।

# संयुक्त जांच टीम ने आशा राइस इंडस्ट्रीज से 307 क्विंटल अवैध धान किया जब्त



**बलौदाबाजार 25 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं मार्गदर्शन में खरीफविपणन वर्ष 2025 - 26 में धान खरीदी कार्य को सुचारु और पारदर्शी तरीके से करने अवैध धान और राइस मिलो पर सघन कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को तहसील टुण्डरा में आशा राइस इंडस्ट्रीज नवरंगपुर का जांच टीम द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान 307.20 क्विंटल धान अधिक पाया गया जिस पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण दर्ज कर धान जब्त किया किया गया। इसी तरह ग्राम सिंघारी के थोक व्यापारी साहू ट्रेडर्स हेमंत साहू के प्रतिष्ठान में 252 क्विंटल धान को उनके द्वारा संधारित पंजी से मिलान नहीं होने के कारण मौके पर जब्ती की कार्यवाही करते हुए उनके गोदाम को सील किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण सहित बिचौलियों पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही धान का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है जिसमें कम धान मिलने पर अतिरिक्त रकबा को समर्पण कराया जा रहा है।

# गणतंत्र दिवस के लिए कलेक्टर ने लिया व्यवस्था का जायजा

- गणतंत्र समारोह के लिए सभी ने किया अंतिम अभ्यास
- जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 जनवरी।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का रिहर्सल आज सुबह दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया गया। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाया। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने ध्वजारोहण किया एवं परेड की सलामी ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकिता शर्मा, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक, सीएसपी श्रीमती वैशाली जैन, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण कर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने अंतिम रिहर्सल कर व्यवस्था का जायजा लिया।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल में बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से वीआईपी बैठक व्यवस्था के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, शहीद जवानों के परिजनों, पत्रकारों एवं जनसामान्य के लिए भी बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल की साज-सज्जा एवं सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। रिहर्सल के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई। रिहर्सल के दौरान परेड का नेतृत्व परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कुमार कसेर ने किया। उप निरीक्षक थाना बसंतपुर श्री राकेश पटेल ने परेड टूआईसी का दायित्व निभाया। परेड में 14 प्लाटून भाग ले रहे हैं। रिहर्सल में आर्म्स पलाटून में 40वीं बटालियन आईटीबीपी, 8वी बटालियन सीएएफ, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (पीटीएस), जिला पुलिस बल महिला, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (महिला), नगर सेना महिला तथा अनार्म्स पलाटून में दिग्विजय महाविद्यालय नेवी (नेवल), दिग्विजय महाविद्यालय पुरूष, दिग्विजय महाविद्यालय महिला, कमला देवी महाविद्यालय, स्टेट कूल बालिका, स्टेट स्कूल बालक, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर नेवल, एमएलबी स्काउट-गाइड शामिल हुए।

# गणतंत्र दिवस समारोह के लिए किया फाइनल रिहर्सल

- कलेक्टर एवं एससपी की उपस्थिति में मिनट -टु -मिनट कार्यक्रम का किया गया अभ्यास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,25 जनवरी।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का फ़ाइनल रिहर्सल शनिवार को पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी विद्यालय ग्राउंड में सम्पन्न हुआ। कलेक्टर दीपक सोनी एवं एसपी भावना गुप्ता की उपस्थिति में मिनट -टु -मिनट कार्यक्रम का अभ्यास किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि की भूमिका में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया।मुख्य समारोह में मिनट टू मिनट आयोजित होने वाले कार्यक्रम अनुसार सभी कार्यक्रमों का रिहर्सल किया गया। परेड में जिला पुलिस बल, अर्द्ध सैनिक बल, होम गार्ड, एन सी सी, एन एस एस, स्काउट गाइड की टुकड़ियां शामिल हुई। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर एवं परेड 2 आई सी मेघनाथ बंजारे ने किया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी अभ्यास किया गया।




कलेक्टर श्री सोनी ने समारोह में अतिथियों एवं नागरिकों की बैठक व्यवस्था,साउंड सिस्टम, पेयजल, जलपान सहित अन्य व्यवस्थाओ को दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होंने तैयारी हेतु शेष कार्यो को शीघ्र पूरा करने कहा। इसी तरह विभागीय झांकियों के प्रवेश व निर्गत मार्ग चिंहांकित कर व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिये। एसपी भावना गुप्ता ने पार्किंग व्यवस्था सहित अनुशासन का पालन करते हुए बेहतर ढंग से कार्यक्रम सम्पन्न करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# बाल विवाह मुक्त जिला बनाने प्रशासन चला रहा है जागरूकता अभियान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संकल्प के अनुरूप 31 मार्च 2026 तक पूरे राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर जिला प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता और मिशन भावना के साथ कार्य कर रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय टीम द्वारा निर्धारित समय-सीमा से पूर्व लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निरंतर और प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य स्पष्ट है कि समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से समाप्त करना और बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित एवं सशक्त भविष्य देना। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम द्वारा जनवरी माह में जिले के पलारी, सिमगा, भाटापारा, कसडोल एवं बलौदाबाजार विकासखंड के समस्त धार्मिक स्थलोंकृमंदिर, मस्जिद, चर्च एवं गुरूद्वाराकृमें जाकर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा कर बाल विवाह के दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी गई तथा बाल विवाह नहीं कराने की शपथ दिलाई गई। यह पहल न केवल कानून का पालन सुनिश्चित करने की दिशा में है, बल्कि समाज की सोच बदलने और भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का मजबूत कदम है।

### तिल्दा में बालिका दिवस का भव्य आयोजन

# रानी लक्ष्मी, अहिल्या बाई की जीवनी से प्रेरणा लेने की जरूरत:रानी सौरभ जैन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 25 जनवरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना तिल्दा द्वारा बालिका दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ज़िला पंचायत सदस्य स्वाति बर्मा, जनपद उपाध्यक्ष दुलारी सुरेन्द्र वर्मा, जनपद सदस्य गीताजालि घृत्तलहरे, जनपद सदस्य सरोज मुकेश भरद्वाज, तिल्दा नपा पार्षद रानी सौरभ जैन और पार्षद पारुल गौरव अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती प्रतिमा में माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया।

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती स्वाति वर्मा ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं को अपने स्वास्थ्य तथा पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए अपने अध्यापन में उत्कृष्टता प्राप्त करने को कहा। पार्षद रानी सौरभ जैन ने बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में रानी लक्ष्मी बाई, देवी अहिल्या, जीजा बाई जैसे अनेक उदाहरण हैं जिससे हम प्रेरणा ले सकते हैं। इन मातृशक्तियों ने राष्ट्र की बागडोर संभाली और नेतृत्व भी किया। उन्होंने कहा कि कोई भी बालिका को किसी से बराबरी करना है और न ही किसी से तुलना करने की जरूरत है, अपना एक मंजिल मुकाम तय करके आगे बढ़ना है और सफल होना है।




अतिथियों का उद्बोधन के पश्चात 10 वीं कक्षा में अध्यापन में उत्कृष्ट श्रेणी से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थीयो को पुरुस्कार देकर पुरस्कृत किया गयातत्पश्चात आंगनबाडी के बालिकाओं को अतिथियों द्वारा पोषण टोकरी देकर सम्मानित किया गया। बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन परियोजना अधिकारी श्रीमती रंजना ठाकुर द्वारा किया गया जिसमें पर्यवेक्षक कमलेश लकडा ,पार्वती वर्मा, स्मिता परगनिहा प्रीयंका तिवारी, गंगोत्री वर्मा ,अपराजिता सिंग, नीतू जायसवाल, श्री छोटेलाल नोर्गे उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव मनाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 25 जनवरी।** नगर में सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में मंत्री टंक राम वर्मा पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा अनिल अग्रवाल बीजेपी नेता सम्मिलित हो कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की इस अवसर मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि यह आयोजन ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को सुदृढ़ करने वाला प्रेरक मंच रहा। माँ सरस्वती से प्रार्थना है कि सभी विद्यार्थियों पर अपनी कृपा बनाएं रखें और उनके जीवन में ज्ञान, संस्कार और शुभता का संचार करें। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिशु मंदिर के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया।

## एक नजर

### उद्योग मंत्री देवांगन ने 47.5 करोड़ रुपये के विकास कार्यो को प्रारंभ कराया

**रायपुर, 25 जनवरी।** प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सड़क निर्माण, कालेज व स्कूल भवन निर्माण आदि से जुड़े साढ़े 47 करोड़ रूपये के महत्वपूर्ण विकास कार्यो को नारियल तोड़कर प्रारंभ कराया तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य कर समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एर्जेसियों को दिए। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्योग मंत्री श्री देवांगन द्वारा नारियल तोड़कर आज जिन विकास कार्यो को प्रारंभ कराया गया, उनमें 29 करोड़ 80 लाख रूपये की लागत से झगरहा कोरकोमा पसरखेद चचिया मार्ग निर्माण, 07 करोड़ 22 लाख रूपये की लागत से सक्ती से कोरबा मार्ग के बीच 3.40 किलोमीटर मार्ग का उन्नयन कार्य, 01 करोड़ 87 लाख रूपये की लागत से रिंग रोड मुख्य मार्ग से डिंगापुर पहुंच मार्ग का निर्माण, 01 करोड़ 58 लाख रूपये की लागत से मुड़ापार से दादर भालुसटका होते हुए रिसदी बायपास तक 2 लेन निर्माण कार्य, 04 करोड़ 65 लाख रूपये की लागत से शासकीय नवीन महाविद्यालय रामपुर जिला कोरबा का भवन निर्माण कार्य, 01 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से पी.डब्ल्यू.डी. रामपुर के हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य तथा 01 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदनपुर का भवन निर्माण कार्य आदि कार्य शामिल हैं। यहॉं उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के करकमलों से इन महत्वपूर्ण विकास कार्यो का भूमिपूजन सम्पन्न कराया गया था। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटलबिहारी बाजपेयी के द्वारा हम सबको छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दी गई थी, अब छत्तीसगढ़ को संवारने, इसे सम्पूर्ण रूप से विकसित करने का कार्य हमारी सरकार के द्वारा किया जा रहा है, उन्होने कहा कि डॉ.रमन सिंह जब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने, तो विकास के क्षेत्र में हमारा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ था, अपने 15 वर्षो के कार्यकाल में उन्होने विकास के सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक रूप से कार्य किया तथा राज्य के विकास पुरूष की छबि बनाई।

### सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में होगा गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

**रायपुर, 25 जनवरी।** कैबिनेट मंत्री श्री गुरू खुशवंत साहेब 26 जनवरी 2026 को जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम अनुसार 26 जनवरी को सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में सुबह 08:58 बजे माननीय मुख्य अतिथि का आगमन, 09 बजे गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण, गार्ड ऑफओंनेर एवं राष्ट्रगान होगा। प्रातः 09:10 बजे परेड का निरीक्षण, 09 :20 बजे माननीय मुख्यमंत्री जी का जनता के नाम संदेश का वाचन, 09:35 बजे हर्ष फायर, 09:40 बजे गुब्बारा उड़ान, 09:45 बजे मार्चपास्ट, 09:50 बजे परेड एवं प्लाटून कमाण्डर से परिचय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से भेंट एवं शहीद परिवारों का सम्मान, 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:30 बजे जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों की झॉंकी का प्रदर्शन, 11:10 बजे राष्ट्रीय धुन एवं 11:11 बजे जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान, प्रशस्ति पत्र वितरण किया जाएगा।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए परीक्षा प्रेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव 25 जनवरी।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीजी टीईटी) 2026 का आयोजन 1 फरवरी 2026 को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा को जिले में शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पूर्णतः पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में परीक्षा प्रेक्षकों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। जिसमें प्रथम पाली सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5.45 बजे तक संपन्न होगी। जिले में परीक्षा संचालन हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रथम पाली में 25 परीक्षा केन्द्रों पर 8071 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जबकि द्वितीय पाली में 45 परीक्षा केंद्रों पर 13179 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

# राजनीति के बढ़ते कवरेज को वरिष्ठ पत्रकारों ने बताया सकारात्मक संकेत, मीडिया आयोग की उठी मांग

■ राष्ट्रीय मीडिया की बहसों पर रायपुर साहित्य उत्सव में मंथन



**रायपुर, 25 जनवरी।** रायपुर साहित्य उत्सव के दूसरे दिन आज लाला जगदलपुरी मंडप में आयोजित परिचर्चा 'राष्ट्रीय मीडिया में बहस के मुद्दे' ने मीडिया की मौजूदा दिशा, चुनौतियों और संभावनाओं पर गंभीर विमर्श को मंच दिया। सूत्रधार श्री वरुण सखा के सवालों के जवाबों के रूप में वरिष्ठ पत्रकारों और मीडिया विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय मीडिया की भूमिका, उसकी प्राथमिकताओं और भविष्य की जरूरतों पर खुलकर बात रखी। यह सत्र छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय श्री रमेश नैयर को समर्पित था।

परिचर्चा में वरिष्ठ पत्रकार श्री अनिल पाण्डेय ने कहा कि राजनीति का मीडिया के केंद्र में आना एक सकारात्मक संकेत है। पिछले एक दशक में खबरों के ट्रेंड में बड़ा बदलाव आया है, जहां कभी बॉलीवुड और सिनेमा की खबरें हावी रहती थीं, वहीं अब राजनीति प्रमुख विषय बन रही है। उन्होंने सरकार से प्रेस आयोग या मीडिया आयोग के गठन की मांग करते हुए कहा कि समय के अनुरूप नीतियां और नियमन बनेंगे तो पत्रकारों के हितों की रक्षा संभव होगी। ट्रेड यूनियनों, पत्रकार संगठनों, मीडिया मालिकों और संपादकों के साथ संवाद से मीडिया का माहौल बेहतर हो सकता है। उन्होंने कहा कि आज टीवी चैनलों के प्राइम टाइम डिबेट के विषय सोशल मीडिया तय कर रहा है। उन्होंने पत्रकारों के संवेदनशील और अध्ययनशील होने के साथ ही मुद्दों को समझने के लिए उनके समुचित प्रशिक्षण पर भी जोर दिया।

वरिष्ठ पत्रकार श्री अखिलेश शर्मा ने छत्तीसगढ़ के संदर्भ में राष्ट्रीय मीडिया की भूमिका पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद से जुड़ी घटनाओं को तो राष्ट्रीय मीडिया में प्रमुखता मिलती है, लेकिन नक्सल मोर्चे पर हो रहे सकारात्मक बदलावों और विकास कार्यों को अपेक्षित स्थान नहीं मिल पाता। उन्होंने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बताते हुए कहा कि लोकतंत्र में कमियां हो सकती हैं, लेकिन हर पांच साल में सरकार बदलने की प्रक्रिया इसे मजबूत बनाती है। एक पत्रकार के रूप में लोकतंत्र को पंचायत से लेकर संसद तक मजबूत करना मीडिया की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया को केवल टीवी तक सीमित नहीं मानना चाहिए, अखबार और पत्र-पत्रिकाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। वरिष्ठ पत्रकार श्री उमेश चतुर्वेदी ने मीडिया की व्यावहारिक चुनौतियों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि सूचना का सबसे बड़ा प्रदाता सरकार ही है और लगातार छुट्टियां पड़ने पर अखबार निकालना तक मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि मीडिया संस्थानों में जमीनी रिपोर्टिंग कम हो रही है, क्योंकि यह खर्चीली है, जबकि प्रायोजित खबरें और डिबेट कम खर्च में आसान विकल्प बन गए हैं। उन्होंने चिंता जताई कि मीडिया संस्थान असल पत्रकारिता, अभिव्यक्ति और भाषा कौशल से भटक रहे हैं, जिससे अनावश्यक शब्दावली और आरोप-प्रत्यारोप बढ़ रहे हैं। परिचर्चा में यह भी कहा गया कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पत्रकारिता की पढ़ाई तो हो रही है, लेकिन व्यावहारिक प्रशिक्षण की कमी है। पत्रकारिता अब खबर और समाज से जुड़ी जिम्मेदारी के बजाय कंटेंट जेनरेशन तक सिमटती जा रही है, जो भविष्य के लिए चिंता का विषय है।

## प्रदेश के हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे

# कोतबा में सीएम साय ने 51.73 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण,भूमिपूजन किया





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 25 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ तेजी से समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। नक्सलवाद, जो कभी छत्तीसगढ़ के लिए गंभीर चुनौती था, अब तेजी से समाप्ति की ओर अग्रसर है। प्रदेश के हर क्षेत्र में अब तेजी से विकास कार्य किए जा रह है। श्री साय आज जशपुर जिले के कोतबा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में लगभग 51.73 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने कोतबा में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भवन, तहसील लिंक कोर्ट की स्थापना, रेस्ट हाउस निर्माण, इंडोर स्टेडियम का निर्माण, कोतबा जल आवर्धन योजना हेतु आवश्यक अतिरिक्त राशि, कोकियाखार में सामुदायिक भवन निर्माण तथा बागबहार में सप्ताह में एक दिन एसडीएम (लिंक कोर्ट) लगाने की घोषणा की। उन्होंने आज जिन कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया उनमें मुख्य रूप से 4.37 करोड़ रूपए की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के कार्य का भूमिपूजन और 9.85 करोड़ रूपए से निर्मित जल आवर्धन योजना और प्रेस क्लब भवन का लोकार्पण शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अधिकांश गारंटी पूरी कर दी गई है। लोगों को इसका सीधा फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य के सिंचाई परियोजनाओं के मरम्मत एवं विकास के लिए लगभग 3 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 750 सड़कों को मंजूरी मिल चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने छत्तीसगढ़ की अग्रणी भूमिका रहेगी। वर्ष 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य की श्रेणी में लाने के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है। नई औद्योगिक नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं, छत्तीसगढ़ को अब तक 7.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। जिन पर तेजी से काम हो रहा है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 36वीं सब जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ के तहत जिले में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय, विधायक श्रीमती गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, माटीकला बोर्ड अध्यक्ष श्री शंभूनाथ चक्रवर्ती, अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार बेसरा, पूर्व विधायक श्री भरत साय, सहित अनेक जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## अपर सचिव ने गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क के संरक्षण का प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए



**रायपुर, 25 जनवरी।** महेन्द्रगढ़-चिरिमिरी-भरतपुर जिले के हसदेव क्षेत्र में स्थित गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अपर सचिव श्री हिटलर सिंह ने अपने निरीक्षण प्रवास के दौरान पार्क का भ्रमण किया। यह भ्रमण हसदेव एरिया की कोल माइंस के निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संपन्न हुआ। भ्रमण के दौरान अपर सचिव ने गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क के ऐतिहासिक, वैज्ञानिक एवं पर्यटन महत्व के संबंध में गहन रुचि व्यक्त करते हुए विस्तृत जानकारी प्राप्त की। नोडल अधिकारी डॉ. पांडे ने बताया कि यह पार्क लगभग 29 करोड़ वर्ष प्राचीन गोंडवाना कालीन समुद्री जीवाश्मों का दुर्लभ और महत्वपूर्ण संग्रह है, जो छत्तीसगढ़ सहित देश की समृद्ध भू-वैज्ञानिक विरासत है। उन्होंने पार्क में विकसित कैक्टस गार्डन एवं इंटरप्रिटेशन बिल्डिंग का भी भ्रमण कराया, जहां जीवाश्मों से संबंधित जानकारियों को आमजन एवं शोधार्थियों के लिए सरल, वैज्ञानिक एवं आकर्षक स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है।

डॉ. पांडे ने बताया कि वर्ष 2015 में पार्क के समग्र विकास हेतु वन विभाग द्वारा लगभग 8 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा पुरातत्व संग्रहालय की स्थापना के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संग्रहालय की स्थापना से क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। अपर सचिव श्री सिंह ने विरासत संरक्षण से जुड़े प्रयासों की सराहना करते हुए यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया तथा कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कोयला मंत्रालय के श्री मानस पाल एवं श्री चेतन गौड, एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के मुख्य महाप्रबंधक (खनन) श्री अनिल कुमार, हसदेव एरिया के मुख्य महाप्रबंधक श्री मनोज बिश्नोई, सेंट्रल हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार, डॉ. लवकेश गुप्ता सहित कोल माइंस के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 29 से 31 जनवरी 2026 तक रायपुर में आयोजित होगा राज्य स्तरीय रोजगार मेला

**दंतेवाड़ा, 25 जनवरी।** जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार, रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में दंतेवाड़ा जिले के पंजीकृत अभ्यर्थियों हेतु राज्य स्तरीय रोजगार मेला में भाग लेने की तिथि दिनांक 31 जनवरी 2026 दिन शनिवार निर्धारित की गई है। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छ0ग0 रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार राज्य स्तरीय रोजगार मेला में पंजीकृत अभ्यर्थियों की सहभागिता हेतु काउंसलिंग, मोबिलाइजेशन का कार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पॉलिटेक्निक कॉलेज के माध्यम से किया जाना है। ताकि जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। अतः रोजगार मेला में भाग लेने के इच्छुक युवा विभागीय ई-रोजगार पोर्टल वेबसाईट httpÑ//erojgar.cg.gov.in में अपना ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं, इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिये जिला रोजगार कार्यालय दंतेवाड़ा या कार्यालय के दूरभाष नम्बर - 07856-252520 से संपर्क कर सकते हैं।

### लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 25 जनवरी।** 36वें सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत थाना किरंदुल एवं परिवहन विभाग, जिला दंतेवाड़ा द्वारा संयुक्त रूप से किरंदुल थाना परिसर में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य दूर-दराज एवं आंचलिक क्षेत्रों में निवासरत आम नागरिकों को परिवहन संबंधी सेवाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराना रहा। शिविर में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। ग्रामीण एवं सुदूर अंचलों से आए युवाओं और वाहन चालकों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।

## रायपुर साहित्य उत्सव में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में कवियों ने किया काव्यपाठ

**रायपुर, 25 जनवरी।** गीतकार, कवि बुद्धिनाथ मिश्र, ग़ज़लकार अजय साहेब की रचनाओं ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्धगीतकार, कवि बुद्धिनाथ मिश्र, ग़ज़लकार अजय साहेब की रचनाओं ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध। गीतकार, कवि बुद्धिनाथ मिश्र, ग़ज़लकार अजय साहेब की रचनाओं ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्धगीतकार, कवि बुद्धिनाथ मिश्र, ग़ज़लकार अजय साहेब की रचनाओं ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्धगीतकार, कवि बुद्धिनाथ मिश्र, ग़ज़लकार अजय साहेब की रचनाओं ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्धसाहित्य महोत्सव 2026 के द्वितीय दिवस की संध्या को विनोद कुमार शुक्ल मंडप में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में काव्य पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न शहरों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। देहरादून के ख्यातिलब्ध गीत कवि बुद्धिनाथ मिश्रा ने अटल जी से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक बार दिल्ली के कवि सम्मेलन में अटल जी मुझे सुनने के लिए अंतिम समय तक बैठे रहे। मेरी कविता समाप्त होने पर उन्होंने मंच पर आकर मेरी पीठ थपथपाई और कहा कि तुमने हिंदी की लाज रख ली। मिश्रा ने तुम क्या गए, नखत गीतों के असमय अस्त हुए/ सप्तक ऋषियों में अब तुम भी, अब नए अगस्त हुए और मुक्तकों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



मुंबई के अजय साहेब ने अपनी ग़ज़लों से समां बांधा। इंदौर के अमन अक्षर ने उन्हीं आंखों को चश्मे की बहुत ज्यादा जरूरत है/ जिन्हें माँ-बाप का टूटा हुआ चश्मा नहीं दिखता जैसे भावपूर्ण गीत पढ़े। रायपुर के त्रिलोक चंद्र महावर ने कैसे संगीन गुनाहों से घिर गया हूं/ कि आज उनकी निगाहों से गिर गया हूं मैं, सूरज बालकनी से लौट जाता है, अंतरिक्ष थे मेरे पिता जैसी कविताएं पढ़ीं। घरघोड़ा के ग़ज़लकार हर्षराज हर्ष ने माँ भी मुझको कान्हा-कान्हा कहती है, भरोसा सबसे उठता जा रहा है/ समय हाथों से निकला जा रहा है/ कमा कर ला रहा, जो रोज घर में/ वो खुद ही खर्च होता जा रहा है जैसे मिसरों और शेरों से माहौल बनाया। कवयित्री सु श्वाति खुशबू ने सरस्वती वंदना के साथ काव्य पाठ का शुभारंभ किया।

## डिजिटल युग में लेखक और पाठक के रिश्ते पर रायपुर साहित्य उत्सव में सार्थक संवाद



**रायपुर, 25 जनवरी।** रायपुर साहित्य उत्सव के दूसरे दिन आज लाला जगदलपुरी मंडप में आयोजित परिचर्चा 'डिजिटल युग के लेखक और पाठक' में बदलते समय के साथ साहित्य, लेखन और पाठकीय संस्कृति में आ रहे बदलावों पर गंभीर और सकारात्मक विमर्श हुआ। सूत्रधार पत्रकार श्री अनिल द्विवेदी के संचालन में हुई इस परिचर्चा ने यह स्पष्ट किया कि डिजिटल माध्यम ने साहित्य के स्वरूप को बदला जरूर है, लेकिन उसकी आत्मा और रचनात्मकता आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। लेखक, कवि और शिक्षक श्री सर्वेश तिवारी ने परिचर्चा में कहा कि किताबों का छपना आज भी जरूरी है, क्योंकि पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम वह अनुभव नहीं दे सकता जो मुद्रित किताब देती है। उन्होंने माना कि युवा और बच्चे ऑनलाइन काफी पढ़ रहे हैं। लेखक की सफलता का पैमाना पुरस्कार नहीं, बल्कि पाठकों की संख्या होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जितने अधिक पाठक, उतनी ही रचना की सार्थकता और पहुंच मानी जानी चाहिए।

लेखक श्री नवीन चौधरी ने डिजिटल मीडिया की ताकत को रेखांकित करते हुए कहा कि इंटरनेट ने साहित्य के लिए नए रास्ते खोले हैं। युवा पीढ़ी ने डिजिटल माध्यमों के जरिए श्री विनोद कुमार शुक्ल जैसे वरिष्ठ रचनाकारों को पढ़ा, जिससे उनकी पुस्तकों की रॉयल्टी लाखों तक पहुंची। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के कारण पुराने लेखक फिर से सरकुलेशन में आ रहे हैं और पाठकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पढ़ने और पढ़ाने में रुचि जगाने में इंटरनेट की भूमिका बेहद अहम हो गई है।

प्रसार भारती की सलाहकार श्रीमती स्मिता मिश्रा ने कहा कि डिजिटल माध्यम, किंडल और ऑडियो बुक्स जैसे विकल्पों ने किताबों को पढ़ना आसान, सस्ता और सुविधाजनक बना दिया है। अब किताबें सिर्फ पढ़ी ही नहीं जा रहीं, बल्कि सुनी भी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि लेखन कभी बंद नहीं हुआ है, समय के साथ सिर्फ उसका फॉर्मेट बदलता रहा है। लेखक चाहे किसी भी टूल का उपयोग करे, लेकिन उसकी रचनात्मकता की भूख कम नहीं होनी चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार श्री संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि इंटरनेट के आने के बाद साहित्य का सही मायनों में लोकतांत्रीकरण हुआ है। अब रचनाओं को पाठकों तक पहुंचाने के लिए अनेक डिजिटल प्लेटफॉर्म्स उपलब्ध हैं। डिजिटलीकरण से साहित्य का पूरा परिदृश्य बदला है और बड़ी संख्या में युवा डिजिटल माध्यमों पर लिख और पढ़ रहे हैं, जो भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत है। परिचर्चा का निष्कर्ष प्रस्तुत करते हुए सूत्रधार श्री अनिल द्विवेदी ने कहा कि डिजिटल युग देखनेङ्कदिखाने, सुननेङ्कसुनाने, पढ़ने और पढ़ाने का नया दौर लेकर आया है। यह युग सभी को मंच प्रदान कर रहा है और साहित्य को नए पाठक व नए लेखक दे रहा है।

## मुख्यमंत्री साय ने चित्रोत्पला फिल्म सिटी एवं ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर का भूमिपूजन कर कहा

# चित्रोत्पला फिल्म सिटी छत्तीसगढ़ की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को देगी नई गति

**रायपुर, 25 जनवरी।** छत्तीसगढ़ का बरसों पुराना सपना आज साकार हो गया है। चित्रोत्पला फिल्म सिटी तथा ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर के निर्माण से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को देश और दुनिया में एक नई पहचान मिलेगी। इस महत्वाकांक्षी पहल के माध्यम से छत्तीसगढ़ न केवल फिल्म निर्माण और सांस्कृतिक आयोजनों का एक प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर होगा, बल्कि यह परियोजना राज्य की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगी। चित्रोत्पला फिल्म सिटी और ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर के निर्माण से स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच मिलेगा, निवेश के नए अवसर सृजित होंगे और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त होगी। यह परियोजना आने वाले वर्षों में राज्य के युवाओं, कलाकारों और पर्यटन क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खोलेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के ग्राम माना-तूता में चित्रोत्पला फिल्म सिटी तथा ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ चित्रोत्पला फिल्म सिटी तथा ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर के निर्माण की आधारशिला रखी। इस ऐतिहासिक अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों, फिल्म कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज का दिन प्रदेश के अभिनय और कला जगत से जुड़े लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। चित्रोत्पला फिल्म सिटी के माध्यम से प्रदेश के हजारों हुनरमंद कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। स्थानीय फिल्म निर्माताओं को फिल्म निर्माण से जुड़ी सभी तकनीकी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने फिल्म सिटी एवं ट्राइबल एंड कल्चरल कन्वेंशन सेंटर के लिए केंद्र सरकार से प्राप्त सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश की कला और कलाकारों को उचित सम्मान मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने भूमिपूजन के साथ ही फिल्म निर्माण और कन्वेंशन सेंटर से संबंधित विभाग को चार प्रस्ताव प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में फिल्म निर्माण गतिविधियों को नई गति मिलेगी और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों को बड़े पर्दे पर स्थान मिलेगा। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि आज का यह अवसर छत्तीसगढ़ पर्यटन एवं फिल्म विकास उद्योग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह केवल एक निर्माण परियोजना की शुरुआत नहीं है, बल्कि राज्य के सांस्कृतिक, आर्थिक और रचनात्मक भविष्य की सशक्त नींव है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण राज्य है और इस पहल से पर्यटन के साथ-साथ फिल्म उद्योग को भी नया आयाम मिलेगा। पिछले कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ फिल्म निर्माताओं के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है।

# प्रदेश में नशे की लत महामारी का रूप ले चुकी है : कांग्रेस

**रायपुर 25 जनवरी।** सरकार और पुलिस की मिलीभगत के कारण ही प्रदेश के युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि पिछले दो साल में शराब, गांजा, अफीम, हिरोईन जैसे नशों के कारण प्रदेश की युवा पीढ़ी में नशे की लत महामारी का रूप ले चुकी है। चंद पैसों के लिए सत्तासीन लोग नशे के बढ़ते कारोबार को रोकने के बजाय संरक्षण दे रहे है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि कि बड़ी संख्या में ड्रग्स पकड़े जाने की खबरें आई थी, दावा किया जा रहा था कि पाकिस्तान से ड्रग रायपुर तक आता था। इस ड्रग के कारोबार को संरक्षण कौन दे रहा था? पाकिस्तान से छत्तीसगढ़ तक ड्रग कैसे पहुंच रहा था? राज्य में ड्रग के कारोबार किसके संरक्षण में फ्ला-फूला? कांग्रेस की सरकार थी तब नशे के कारोबार को पूरी तरीके से समाप्त कर दिया गया था। दो साल में फिर से पूरा प्रदेश नशे की गिरफ्त में आ गया है। बिना सत्ता के संरक्षण के ड्रग राजधानी में खुलेआम नहीं बिक सकता, राज्य में भाजपा की 2 साल से सरकार है। कौन सत्ताधीश इसके पीछे है इसका भी खुलासा होना चाहिए?

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भाजपा के राज में छत्तीसगढ़ नशे के मामले में पंजाब, गुजरात और पश्चिम बंगाल को पीछे छोड़ चुका है। रायपुर के नया राजधानी और वीआईपी रोड जैसे इलाकों में शाम ढलते ही युवा नशे की गिरफ्त में साफ देखे जा सकते है। आऊट के कैफे तो युवाओं को नशा परोसने का केंद्र बन चुका है। पुलिस इसको रोकने के बजाय सहयोगी बनी हुई है। कांग्रेस की सरकार थी तब वर्षों से चल रहे हुक्काबारो को बंद करवाया था, राज्य में सूखे नशे के कारोबार को पूरी तरह समाप्त किया गया था।

# भारत निर्वाचन आयोग को नेता प्रतिपक्ष ने लिखा पत्र

**रायपुर 25 जनवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिख कर मांग की है कि, छत्तीसगढ़ में वर्ष 2025 में मतदाता सूची की शुद्धता हेतु विषेश गहन पुनरीक्षण स्ढ्ढक्र की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। लोकतंत्र के हित में यह कदम स्वागत योग्य हो सकता था - यदि इसके बाद मताधिकार पर सुनियोजित हमला न किया जाता।



डॉ महंत ने अपने पत्र में लिखा है कि, आज स्थिति यह बन चुकी है स्ढ्ढक्र पूर्ण होने के बावजूद हर विधानसभा क्षेत्र में वर्ग विशेष के हजारों नागरिकों को मतदाता सूची से बाहर कर दिए जाने का भय सता रहा है जबकि वे वर्शों से लगातार चुनावों में मतदान करते रहे है। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि, विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बैठकें लेकर यह रणनीति बनाई कि सभी विधानसभाओं में ऐसे वर्ग विशेष के मतदाताओं की पहचान की जाय जो भाजपा के मतदाता नहीं हैं और उन मतदाताओं के नाम सूची से विलोपित करवाने के लिए फॉर्म 7 में विवरण भर कर जिला मुख्यालयों में जमा कराया जाय। एक व्यक्ति 5 फार्म भरकर जमा करे और इस प्रक्रिया के तहत प्रत्येक बूथ पर 200 मतदाताओं के नाम विलोपित करवाए जायं। इस तरह के फॉर्म रायपुर भाजपा कार्यालय से भी भेजे जा रहे हैं और यह भी स्पष्ट है कि एक कार्यकर्त्ता 5 लोगों का नाम विलोपित करवा सकता है।

























## एक नजर

### विकासखंड कटेकल्याण के पोटा केबिन आवासीय विद्यालयों का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**दंतेवाड़ा, 25 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव द्वारा आज विकासखंड कटेकल्याण के बेंगलूर, गाटम,बडेलखापाल, मंडोली स्थित पोटा केबिन आवासीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर संस्थाओं की मूलभूत आवश्यकताओं एवं मरम्मत कार्यों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस क्रम में सर्वप्रथम पोटाकेबिन बेंगलूर पहुंचे यहां उन्होंने कक्षा-2 और कक्षा 5 वीं छात्राओं से उनकी पढ़ाई के स्तर को परखा कक्षा-2 में उन्होंने जहां बच्चों से अंग्रेजी की वर्णमाला का पाठ करवाया वहीं कक्षा 5 वीं में उन्होंने हिन्दी कक्षा में छात्रों से हिन्दी पाठों के पैराग्राफ पढ़कर सुनाने को कहा। मौके पर छात्रों ने कलेक्टर के कहे अनुसार सही उच्चारण से पढ़कर सुनाया इसके लिए कलेक्टर ने उन्हें प्रशंसा की। इसके साथ ही कलेक्टर ने यहा कम्प्यूटर कक्ष का भी अवलोकन किया और उपस्थित शिक्षकों को चैट जीपीटी के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा देने की बात कही।

इस दौरान कलेक्टर ने आवासीय विद्यालय के भोजन कक्ष को भी देखा यहां अधीक्षक ने बताया कि पहली से आठवीं तक 349 बच्चें निवासरत है। इन बच्चों को नियमित रूप से नियमित नाश्ता, भोजन के अलावा अंडे भी दिये जाते है। मौके पर कलेक्टर ने कहा कि छात्रों की संख्या के अनुरूप एवं आवश्यकता को देखते हुए शौचालय निर्माण को प्राथमिकता से बनाया जाये। इसके पश्चात कलेक्टर कन्या आवासीय परिसर पोटाकेबिन गाटम पहुंचे यहां पर भी उन्होंने अधीक्षिका से आवासीय परिसर की स्थिति जानकारी ली। गौरतलब है कि यहां 401 छात्राएं अध्ययनरत है। जिनकी देखरेख के लिए 19 स्टाफ पदस्थ है।

### किरंदुल खनन क्षेत्र का कलेक्टर ने किया गहन निरीक्षण

**दंतेवाड़ा, 25 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने आज जिले के प्रमुख लौह खनन क्षेत्र किरंदुल का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खनन गतिविधियों की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा खनन से प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य खनन कार्यों को सुरक्षित, पर्यावरण-संवेदनशील एवं क्षेत्रीय विकास के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करना रहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने डिपॉजिट 14, 13 तथा 11 सी-11 बी क्षेत्र का अवलोकन किया। उन्होंने खनन एरिया स्थित क्रशिंग प्लांट, वेस्ट मटेरियल डंपिंग क्षेत्र एवं आयरन ओर लोडिंग प्लांट का निरीक्षण कर एनएमडीसी प्रबंधन से खनन प्रक्रियाओं, सुरक्षा उपायों तथा संचालन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि खनन गतिविधियों का संचालन पर्यावरणीय नियमों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने खनन क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा, दुर्घटना रोकथाम तथा आपात स्थिति से निपटने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी प्रकार की आकस्मिक आपदा की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाकर जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा पीपीटी के माध्यम से खदानों एवं पट्टों की जानकारी, खनन क्षेत्र व प्रक्रियाओं का संक्षिप्त अवलोकन, सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी पहल, एनएमडीसी के सीएसआर कार्य, सामाजिक दायित्व के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों तथा प्राप्त पुरस्कार एवं सम्मानों की जानकारी दी गई।

### यात्री सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त

**दंतेवाड़ा, 25 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में यातायात पुलिस एवं क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) द्वारा जिले में यात्री बसों की सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बसों में यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े आवश्यक मापदंडों की बारीकी से जांच की गई। जांच में अग्निशमन यंत्र, इमरजेंसी विंडो, दरवाजों की स्थिति तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों को परखा गया। अधिकारियों ने बस संचालकों को वाहनों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा लंबी दूरी की बसों में अनिवार्य रूप से दो चालकों की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं करने पर तीन बसों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया, वहीं बिना परमिट संचालित एक बस को जब्त किया गया।

# जब हम मिट्टी में मिल रहे हो तो ये मिट्टी भी रोये इस धरती की : रुबिका लियाकत

**रायपुर, 25 जनवरी।** रायपुर साहित्य उत्सव के दूसरे दिन अभिनव नीरव मंडल के प्रथम सत्र में विचारोत्तेजक संवाद और सारगर्भित विमर्श हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आईं वरिष्ठ पत्रकार रुबिका लियाकत एवं छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा के मध्य रोचक परिचर्चा सम्पन्न हुई।

अपने संबोधन में सुश्री लियाकत ने राष्ट्रवाद पर संबोधित कहा कि जब हम मिट्टी में मिल रहे हों, तो यह मिट्टी भी रोए इस धरती की। उन्होंने पत्रकारिता के 18 वर्षों के अनुभव साझा करते हुए युवाओं को आगाह किया कि सोशल मीडिया पर आए 30 सेकंड के वीडियो पर आँख मूँदकर भरोसा न करें, बल्कि तथ्यों की स्वयं पड़ताल करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वे किसी व्यक्ति या विचारधारा के लिए नहीं, बल्कि सत्य और अच्छाई के लिए कार्य करती हैं और उनकी




प्रतिबद्धता भारत के प्रति है।

इतिहास और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी के दंगों के समय किए गए मानवीय कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा स्वभावतः सेक्युलर है और भारतीयता उसी समझ से विकसित होती है। निजी प्रसंग साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उनकी दादी सनातन परंपराओं का पालन भी करती थीं, पाँच वक्त नमाज़ भी पढ़ती थीं और सबका आदर करती थीं, यह भारत की साझा संस्कृति का उदाहरण है।

विराट हिंदू सम्मेलन से जुड़े अनुभवों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें धर्म पर मन से विचार रखने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं कलमा पढ़ती हैं, उनके तीनों बच्चे कुरान पढ़ते हैं पर वे अपने बच्चों को इस प्रकार तैयार कर रही हैं कि वे वंदे मातरम् और भारत माता की जय कहने में संकोच न करें क्योंकि उनकी पहचान भारतीय होने से है।

व प्रश्नोत्तर सत्र में पत्रकार बनने की आकांक्षा रखने वाली पत्रकारिता की छात्रा के प्रश्न पर उन्होंने परिश्रम, सत्यनिष्ठा और निर्भीकता को सफलता की कुंजी बताया। धर्म और राष्ट्रवाद से जुड़े प्रश्नों पर उन्होंने कहा कि किसी भी ग्रंथ या विचार को गुरु से समझना चाहिए, संदर्भ जानना चाहिए, और किसी की बातों में बहकर निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए क्योंकि एक ही बात के कई अर्थ हो सकते हैं। राष्ट्रवाद के प्रश्न पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि मैं हमेशा भारत और राष्ट्रवाद को चुनूँगी।

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने दो पुस्तकों का विमोचन किया, जिसमें जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ के साहित्य पुरोधा एवं पूजा अग्रवाल की काव्य संग्रह 'अम्मा की चाय' शामिल थे। सत्र में बड़ी संख्या में युवा, साहित्यप्रेमी और पत्रकारिता से जुड़े लोग शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत

# बस्तर के वनांचल में 3 नई बस सेवाएं शुरू,आसान हुआ आवागमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 25 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में दशकों से आवागमन की चुनौतियों से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए शनिवार का दिन उम्मीदों की एक नई किरण लेकर आया। रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित गरिमामयी समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत प्रदेश भर में 12 नए रूटों पर बस सेवा का शुभारंभ किया, जिनमें तीन बस सेवा बस्तर जिले में संचालित हो रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसके साथ ही प्रदेश के दुर्गम और वनांचल इलाके अब परिवहन सुविधाओं और विकास की मुख्यधारा से सीधे जुड़ गए हैं। इस दौरान जहां एक ओर रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित परिवहन मंत्री केदार कश्यप एवं अन्य जनप्रतिनिधी और राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, वहीं दूसरी ओर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जगदलपुर से जुड़े छत्तीसगढ़ बेवरेजेस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, महापौर संजय पांडे, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन एवं क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अपर कलेक्टर सीपी बघेल और क्षेत्रीय परिवहन




अधिकारी डीसी बंजारे ने भी हरी झंडी दिखाकर बसों को गंतव्य की ओर रवाना किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वाहन चालन के दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने सहित यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही उन्होंने इस बारे में अपने परिवार-मित्रों एवं समाज के लोगों को जागरूक कर सड़क दुर्घटना में कमी लाने सहित हजारों लोगों की अकाल मौत को रोकने के लिए सहभागिता निभाने कहा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के परिपालन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस जवानों, नेशनल कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट गाइड के कैडेटों, चिकित्सकों, वाहन चालकों, पुलिस मितान इत्यादि को सम्मानित करते हुए अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन के लिए अहम भूमिका निभाने का आग्रह किया।

परिवहन विभाग की यह महत्वाकांक्षी पहल बस्तर के शिक्षा-स्वास्थ्य, पर्यटन और व्यापार के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। इस योजना में स्थानीय जरूरतों और पर्यटन के बीच बेहतरीन सामंजस्य स्थापित किया गया है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण लोहण्डीगुड़ा से बारसूर के बीच शुरू हुई 60 किलोमीटर लंबी बस सेवा है, जो ऐतिहासिक नगरी बारसूर और जिला मुख्यालय जगदलपुर के बीच एक सेतु का काम करेगी। यह बस सुबह 7:50 बजे बारसूर से निकलकर सातधार और बिंता होते हुए 11 बजे प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात और दोपहर तक जगदलपुर पहुंचेगी, जिससे पर्यटकों के साथ ही स्थानीय नागरिकों को समान रूप से लाभ होगा। वहीं वनांचल के ग्रामीणों की पीड़ा को समझते हुए लोहण्डीगुड़ा-एरमुर मार्ग पर शुरू की गई बस सेवा को ग्रामीणों के लिए जीवन रेखा माना जा रहा है। एरमुर से सुबह साढ़े 7 बजे अपनी यात्रा शुरू करने वाली यह बस हर्राकोडेर, कुधूर और रतेंगा जैसे अंदरूनी गांवों को पार करते हुए सुबह 11 बजे जगदलपुर पहुंचेगी, जिससे घंटों का सफर अब सुरक्षित और समयबद्ध हो जाएगा। इसके अतिरिक्त रायकोट से जगदलपुर के बीच 39 किलोमीटर लंबे मार्ग पर बस सेवा को मंजूरी मिलने से कुरूसपाल और पोटानार जैसे गांवों के लिए तरक्की के नए रास्ते खुल गए हैं। यह सेवा सुबह के समय संचालित होगी जिससे स्कूल, कॉलेज और दफ्तर जाने वाले लोग ठीक समय पर अपनी मंजिल तक पहुंच सकेंगे। यह पहल न केवल लोहण्डीगुड़ा और आस-पास के ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी, बल्कि समूचे बस्तर संभाग की कनेक्टिविटी को एक नई पहचान देगी।

## गणतंत्र दिवस समारोह के लिए स्कूली छात्र-छात्राओं व जवानों ने किया अंतिम अभ्यास

**कांकेर, 25 जनवरी।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह सोमवार 26 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इसके सफल आयोजन को लेकर आज सुबह नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और एसपी श्री निखिल राखेचा की उपस्थिति में अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बने जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मण्डावी ने राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराकर सलामी दी।

आज सुबह 9.00 बजे राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम अभ्यास प्रारंभ हुआ। ध्वजारोहण पश्चात मुख्य मंच पर मुख्य अतिथि ने राष्ट्रध्वज तिरंगा को फहराकर सलामी दी, इसके साथ ही राष्ट्रगान की धुन का वादन किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि के द्वारा परेड ग्राउंड का निरीक्षण जिप्सी में सवार होकर किया गया। इस दौरान कलेक्टर और एसपी भी उनके साथ मौजूद थे। तत्पश्चात् जिला पुलिस बल, जिला सेनानी, बस्तर फाइटर, फॉरेस्ट गॉर्ड्स के जवानों और एनसीसी और स्काउट गाइड कैडेट्स की टोलियों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया। मार्चपास्ट के बाद मुख्य अतिथि बने जिला पंचायत सीईओ ने दल प्रमुखों से परिचय प्राप्त किया। पश्चात विभिन्न विद्यालयों के स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा सामूहिक व्यायाम एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम के पश्चात घुड़सवारी प्रशिक्षण केन्द्र सिंगारभाट के युवाओं द्वारा हॉर्स राईडिंग का हैरतअंगेज करतब दिखाया गया, जिसमें स्टैंडिंग सैल्युट, स्टैण्ड लॉस टैगपेडिंग, मटकी कटींग, ट्रीपल टैड पैकिंग, फुटरोल टैड पैकिंग, बकेट पैकिंग, ग्रुप टैड पैकिंग, इंडियन फाईल, जंपिंग और इंडियन झण्डा इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम श्री अरूण वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह में कांकेर लोक सभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग द्वारा मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्र ध्वज फहराया जाएगा, जिसके सभी प्रायोजित कार्यक्रमों का आज मिनट टू मिनट अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री का आमजनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस समारोह के "फाइनल रिहर्सल" मेंम

## जवानों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 25 जनवरी।** जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खेल मैदान में 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को हुई। जिसमें जवानों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक मार्चपास्ट में भाग लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव और पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और वहीं मार्चपास्ट प्रस्तुत करने वाले परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों सहित छत्तीसगढ़ी गीत पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान जिला कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने मुख्य समारोह हेतु की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। इस मौके अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के.बर्मन सहित जिला प्रशासन के अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं



मौजूद थे। गौरतलब है कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। इस मुख्य समारोह में स्कूल शिक्षा,ग्रामोद्योग,विधि एवं विधायी कार्य मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में सीआरपीएफ 9 वीं बटालियन, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, नगर सैनिक, सीनियर एवं जूनियर डिवीजन एन.सी.सी.,स्काउट व गाइड के दल आस्था विद्या मंदिर जावंगा की बैंड पार्टी के देशभक्ति धुनों पर कदम से कदम मिलाते हुए आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन करंगे।

## जिले की बेटी बिंदिया विश्वकर्मा बनी आत्मनिर्भरता की मिसाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 25 जनवरी।** जिले की बेटी बिंदिया विश्वकर्मा की कहानी उन असंख्य बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखती हैं। लौह नगरी बचेली की रहने वाली 20 वर्ष बिंदिया विश्वकर्मा के पिता श्री योगेश्वर विश्वकर्मा बचेली स्थित राष्ट्रीय खनिज विकास निगम में अनुबंध श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं तथा उनकी माता श्रीमती लता विश्वकर्मा गृहिणी हैं। परिवार की आय सीमित होने के कारण कई बार आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बिंदिया की एक बहन और भाई भी है। जिनकी शिक्षा और भविष्य की जिम्मेदारी भी उनके पिता पर थी, पिता के कार्य के कारण परिवार पिछले लगभग 20 वर्षों से बचेली, जिला दंतेवाड़ा में निवास कर रहा है, जबकि उनका मूल निवास मसुला ग्राम, जिला राजनांदगांव है। परिवार सीमित आय के कारण बिंदिया के लिए मनचाही पढ़ाई करना आसान नहीं था, लेकिन उसने परिस्थितियों से हार नहीं मानी। बिंदिया की जीवन



यात्रा में बड़ा परिवर्तन उस समय आया, जब उन्होंने 11वीं कक्षा के दौरान जावंगा स्थित नवगुरुकुल में प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की। उस समय उनके पास भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट दिशा नहीं थी। पहले उनका सपना भवन निर्माण से जुड़ा कार्य करने का था, लेकिन नवगुरुकुल से जुड़ने के बाद उनकी सोच का दायरा विस्तृत हुआ। उन्होंने यह विचार किया कि यदि तकनीक के माध्यम से ऐसा माध्यम तैयार किया जाए, जिससे मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार कम खर्च में अपने घर का नक्शा और निर्माण संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकें, तो यह समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा।

## प्रधान जिला न्यायाधीश श्री संतोष कुमार आदित्य द्वारा जिला जेल दंतेवाड़ा का किया गया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 25 जनवरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार विगत दिवस प्रधान जिला न्यायाधीश श्री संतोष कुमार आदित्य, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती अपूर्वा दांगी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अनन्त दीप तिर्की द्वारा जिला जेल दंतेवाड़ा का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा बंदियों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल पूछा गया। साथ ही बंदियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों एवं समस्याओं का तत्काल निराकरण प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा किया गया। इस निरीक्षण में जिला जेल दंतेवाड़ा की सफाई व्यवस्था, भोजन व्यवस्था संतोषप्रद पाया गया। मौके पर प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जेल अधीक्षक को जेल नियमावली अनुसार बंदियों को सभी विधिक सुविधाएं उचित रूप से दिये जाने हेतु निर्देशित करते हुए बंदियों को अपने पेनी तिथि में सम्बंधित न्यायालय में अनिवार्य रूप से भेजे जाने हेतु कहा गया। ताकि बंदियों को उनके प्रकरणों की जानकारी होने के साथ-साथ अपने पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं से मिलकर अपनी समस्या बताने का समय मिल सके।

### 26 जनवरी को होगा उल्लास मेला

**दंतेवाड़ा, 25 जनवरी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारत सरकार द्वारा संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और 26 जनवरी 2026 को उल्लास मेला के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण दन्तेवाड़ा के मार्गदर्शन मे जिले में व्यापक तैयारी की जा रही है। इसी के तहत जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रमोद ठाकुर द्वारा जिले के समस्त संकुल समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विकासखण्ड गीदम, कुआकोण्डा, कटेकल्याण एवं दन्तेवाड़ा के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकार, खण्डस्त्रोत समन्वयक उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा द्वारा उल्लास मेले को सफल बनाने हेतु मेला आयोजन के स्थान का चयन, मेले की जिम्मेदारियां का वितरण प्रशिक्षण संबंधी विषयों पर विशेष निर्देश दिए गए है। इस संबंध में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार 26 जनवरी को जिले के सभी ग्रामों मे एवं नगरीय निकायों के सभी वार्डो में उल्लास नवभारत मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले मे 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वे महिला और पुरुष शामिल होंगे जो उल्लास केन्द्रों मे अध्ययनरत् है या नवसाक्षर बन गये है।

## पोटाली सहित 6 उप स्वास्थ्य केंद्रों को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र

**दंतेवाड़ा, 25 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी स्वास्थ्य विभाग श्री जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में दंतेवाड़ा जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। स्वास्थ्य विभाग के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप जिले के सुदूर एवं पहुँचविहीन ग्राम पोटाली स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर सहित बारसूर, हारम, माड़ेदा, नकुलनार एवं बड़े कमेली के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि जिला प्रशासन गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के अपने संकल्प को लगातार साकार कर रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोटाली का राष्ट्रीय स्तर पर चयन जिले के लिए विशेष रूप से गौरवपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि इस स्वास्थ्य केंद्र को विगत वर्ष 1 जनवरी को ही जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पोटाली के ग्रामीणों को समर्पित किया गया था और मात्र एक वर्ष के भीतर राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त करना दंतेवाड़ा सहित पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

बस्तर का लगभग 95 प्रतिशत इलाका नक्सलमुक्त होने के कारण

# बस्तर संभाग के 41 गांवों में पहली बार लहराएगा तिरंगा : आईजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 25 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के 41 ऐसे गांव, जहां अब तक राष्ट्रीय पर्व नही मनाया गया, वहां इस 26 जनवरी को पहली बार तिरंगा फहराया जाएगा। बीते एक साल में नक्सलियों के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाकों में सुरक्षाबलों ने 58 नए सुरक्षा और सुविधा कैंप स्थापित किए हैं। इनमें से 53 कैंप ऐसे हैं, जहां पहले एक बार गणतंत्र दिवस मनाया जा चुका है जबकि 41 कैंप यानी गांव ऐसे हैं, जहां पहली बार कोई राष्ट्रीय पर्व मनाया जाएगा। (एक कैंप यानी एक गांव में स्थापित है) इन्हीं सुरक्षा और सुविधा कैंपों की मजबूत मौजूदगी से जिन गांवों में कभी 26 जनवरी को घरों के दरवाजे बंद रहते थे, वहां अब खुलकर गणतंत्र दिवस की तैयारी हो रही है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि बस्तर का लगभग 95 प्रतिशत इलाका अब



नक्सल हिंसा से मुक्त हो गया है। इस गणतंत्र दिवस में बस्तर के नक्सल प्रभावित 41 गांवों में लहराता तिरंगा यह साफसंदेश देगा कि बंदूक की सत्ता क्षणिक होती है, लेकिन संविधान की सत्ता ही स्थायी होती है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार इन 41 गांवों में पहली बार ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा - जिसमें 1. उल्लूर, 2. चिलमसका, 3.पेद्दाकोमरा, 4. कोप्पागुड़ा (पीड़िया), 5. बेलनार, 6. ताड़पाल, 7. कंडालापर्ती, 8. पिल्लूर, 9. डोडीसुमार, 10. कमालूर, 11. डोडीमरका, 12. पल्लेवाया, 13. सागमेटा, 14. एडजुम, 15. इदवाया, 16. आदेर, 17. कुड़मेल, 18. कोंगे, 19. सितरम, 20. तोके, 21. पदमेटा, 22. लंका, 23. परियादी, 24. काकुर, 25. बालेबेड़ा, 26. कोड़ेनार, 27. अंडेगपार, 28. मंदोड़ा, 29. जटवर, 30. वाड़ापेंदा, 31. कोडलियार, 32. तुमालभट्टी, 33. वीरागंगलेर, 34. मैता, 35. पालागुड़ा,

36.गुण्डराजगुड़ेम, 37. नागाराम, 38. वंजलवाही, 39. गोगुंड़ा, 40. पेद्दाबोड़केल 41. उरसांगल में पहली बार ध्वजारोहण होगा। बस्तर संभाग में नक्सलवाद के विरुद्ध चार दशक से अधिक समय से चली आ रही लोकतांत्रिक लड़ाई में 2001 से 21 दिसंबर 2025 तक 3414 मुठभेड़ों में 1573 नक्सली मारे गए, 1318 जवानों ने बलिदान दिया और 1821 निर्दोष नागरिक हिंसा के शिकार बने। ताड़मेटला, बुर्कापाल और रानीबोदली से लेकर टेकुलगुड़ेम तक की नक्सली वारदातों ने बस्तर की स्मृति पर गहरे जख्म छोड़े हैं।इसके बाद बस्तर से नक्सलवाद के पतन का निर्णायक वर्ष 2025 में नक्सली संगठन के शीर्ष नेतृत्व महासचिव बसवा राजू, हिड़मा सहित 11 केंद्रीय समिति के सदस्य मारे गए। एक ही वर्ष 2025 में 256 नक्सली मारे गये, 884 गिरफ्तार और 1562 ने आत्मसमर्पण कर दिया। इसके साथ ही बस्तर का लगभग 95 प्रतिशत इलाका अब नक्सल हिंसा से मुक्त हो गया । इस गणतंत्र दिवस 2026 में बस्तर के नक्सल प्रभावित 41 गांवों में पहली बार तिरंगा फहराने की तैयारी चल रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि 2021 के टेकुलगुड़ेम हमले के बाद नक्सलवाद के समूल खात्मे का लक्ष्य तय हुआ। रणनीति बदली गई और सुरक्षाबल पहली बार नक्सलियों के कोर इलाकों में स्थायी रूप से उतरे। बीते चार वर्षों में बस्तर संभाग में लगभग 135 नए सुरक्षा एवं सुविधा कैंप स्थापित किए गए। जिससे नक्सलियों के कॉरिडोर ध्वस्त हुए, नक्सली संगठन के शीर्ष नेतृत्व या तो मारे गए या मुख्यधारा में लौट आए। उन्होने कहा कि यह सिर्फसुरक्षाबलों की सफलता नहीं है, यह स्थानीय ग्रामीणों के भरोसे की जीत है। जिन इलाकों में कभी राष्ट्रीय पर्व मनाना असंभव था, वहां आज लोग स्वयं आगे बढ़कर तिरंगा फहरा रहे हैं।


सारे जहाँ से अच्छा
हिन्दुस्तान हमारा
देशवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री,छत्तीसगढ़
मान. विजय शर्मा जी
उपमुख्यमंत्री , पंचायत मंत्री छत्तीसगढ़
जिला पंचायत विभाग
बलौदाबाजार (छत्तीसगढ़)


सारे जहाँ से अच्छा
हिन्दुस्तान हमारा
देशवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री,छत्तीसगढ़
मान. श्री रामविचार नेताम
कृषि मंत्री-छत्तीसगढ़
जिला कृषि विभाग
बलौदाबाजार (छत्तीसगढ़)


सारे जहाँ से अच्छा
हिन्दुस्तान हमारा
देशवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री,छत्तीसगढ़
मान. अरुण साव जी
उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री-छत्तीसगढ़
लोक निर्माण विभाग
बलौदाबाजार (छत्तीसगढ़)


सारे जहाँ से अच्छा
हिन्दुस्तान हमारा
देशवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री,छत्तीसगढ़
श्री केदार कश्यप
मंत्री- जल संसाधन
जल संसाधन विभाग
बलौदाबाजार (छत्तीसगढ़)

### खाद्य व सुरक्षा विभाग ने लोगों की शिकायत पर अमानक दुग्ध उत्पाद ले जाता वाहन जब्त किया

# जांच में पता चला मूल खाद्य लेबल हटाकर लगाया गया है अन्य ब्रांड का रैपर

**रायगढ़, 25 जनवरी ।** जिले में नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मिलावटी एवं मानक-विरुद्ध दुग्ध उत्पादों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही 22 जनवरी की शाम उस समय प्रारंभ हुई, जब स्थानीय लोगों से सूचना प्राप्त हुई कि जिला दुर्ग से एक संदिग्ध पिकअप वाहन के माध्यम से रायगढ़ शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भारी मात्रा में दुग्ध उत्पादों का विक्रय किया जा रहा है तथा इन उत्पादों में खाद्य लेबल एवं रैपर से छेड़छाड़ की जा रही है।

प्राप्त सूचना के अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक CG-04-QC-8689 में दही एवं कॉटेज एनालॉग जैसे दुग्ध उत्पाद 5 एवं 15 किलोग्राम के बंद प्लास्टिक जारों एवं पैकेटों में लाए गए थे। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि वाहन चालक एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा जारों पर लगे मूल खाद्य लेबल हटाकर अन्य ब्रांड के रैपर चिपकाए जा रहे हैं।



सूचना की गंभीरता को देखते हुए उक्त वाहन को थाना चक्रधरनगर परिसर लाया गया तथा खाद्य सुरक्षा प्रशासन को तत्काल अवगत कराया गया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम तत्काल थाना परिसर पहुंची और वाहन में भरे दुग्ध उत्पादों की जांच की। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि उक्त खाद्य पदार्थ श्रीमती सोनिया जायसवाल, प्रोपराइटर, मेसर्स कस्तूरी डेयरी, छोटे अतरमुड़ा, गांधी नगर, केलोविहार रायगढ़ द्वारा जिले एवं आसपास के क्षेत्रों में विक्रय हेतु वैद्य फूड्स प्रोडक्ट्स, शंकर नगर, भिलाई-3, कुम्हारी, जिला दुर्ग से मंगाए गए थे। मौके पर की गई जांच में यह भी गंभीर अनियमितता पाई गई कि नंदनम क्लासिक दही, जिसे कृष्णा नंदन मिल्क एंड डेयरी प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ग्राम झाली, जिला बिलासपुर द्वारा प्रोसेस एवं मार्केट किया जाता है, जिसके 5 एवं 15 किलोग्राम के बंद जारों से मूल लेबल हटाकर उन पर वैद्य फूड्स दही का रैपर चिपकाया जा रहा था। यह कृत्य खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग एवं प्रदर्शन) विनियम, 2020 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा 23 जनवरी को कलेक्टर के निर्देशानुसार फर्म मेसर्स कस्तूरी डेयरी परिसर में पहुंचकर गुणवत्ता एवं मिलावट की आशंका के आधार पर विधिवत तीन खाद्य नमूने संकलित किए गए। इनमें नंदनम क्लासिक दही, वैद्य फूड्स कॉटेज एनालॉग 4 किलोग्राम पैकेट तथा वैद्य फूड्स कॉटेज एनालॉग 1 किलोग्राम पैकेट शामिल हैं, जिन्हें जांच एवं परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। इसके साथ ही मौके पर विक्रय हेतु रखे गए दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता पर संदेह तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग एवं प्रदर्शन) विनियम, 2020 के प्रावधानों का पालन नहीं पाए जाने के आधार पर दही एवं कॉटेज एनालॉग की भारी मात्रा को विधिवत जब्त कर खाद्य कारोबारकर्ता की अभिरक्षा में निरुद्ध किया गया। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 3 हजार 750 रुपये आंका गया है। जब्ती में 5 किलोग्राम के 40 जार नंदनम क्लासिक दही कुल 200 किलोग्राम, 15 किलोग्राम के 21 जार वैद्य फूड्स दही कुल 315 किलोग्राम, वैद्य फूड्स कॉटेज एनालॉग के 4 किलोग्राम के 80 पैकेट कुल 320 किलोग्राम तथा 1 किलोग्राम के 450 पैकेट कुल 450 किलोग्राम शामिल हैं। इस प्रकार कुल 515 किलोग्राम दही एवं 770 किलोग्राम कॉटेज एनालॉग जब्त किया गया है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं संबंधित विनियमों के अंतर्गत दोषियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही में अभिहित अधिकारी श्रीमती सुधा चौधरी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुश्री सरिता पटेल एवं श्री शांतनु भट्टाचार्य तथा नमूना सहायक शाश्वत तिवारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। आम नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए खाद्य कारोबार पर सघन जांच, निगरानी एवं जन-जागरूकता अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

## एक नजर

### पेंशन एवं वेतन निर्धारण निराकरण के लिए जिला स्तरीय कैम्प 27 जनवरी को

**रायगढ़, 25 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत महोत्सव के अवसर पर पेंशन एवं वेतन निर्धारण से जुड़े लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए जिले में विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि रायगढ़ जिले में यह कैम्प 27 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। कैम्प का आयोजन कार्यालय जिला कोषालय रायगढ़ में किया जाएगा, जहां पेंशन एवं वेतन निर्धारण से संबंधित मामलों का त्वरित निराकरण किया जाएगा।

कैम्प के सफल संचालन हेतु सहायक संचालक श्री सिद्धार्थ गौरहा, सहायक आंतरिक लेखा परीक्षा अधिकारी श्री अरिमर्दन प्रसाद मिश्रा एवं सहायक आंतरिक लेखा परीक्षा अधिकारी श्रीमती सरिता दूबे को अधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन कार्यालयों के पेंशन अथवा वेतन निर्धारण प्रकरण लंबित हैं, उनके प्रतिनिधियों से कैम्प में उपस्थित होकर प्रकरणों के निराकरण में सहयोग करने की अपेक्षा की गई है।

### मिनी स्टेडियम मोहला में किया गणतंत्र दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल



**मोहला 25 जनवरी ।** जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आज गणतंत्र दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। अपर कलेक्टर श्री मिथलेश डोंडे ने मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वाह कर ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। इसके पश्चात परेड निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का रिहर्सल भी किया। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति,पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह, सीईओ श्रीमती भारती चन्द्राकर, अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, एसडीएम मोहला डॉ.हेमेन्द्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर श्री डीआर ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पिताम्बर पटेल, समेत जिलास्तरीय अधिकारी, बल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण के पश्चात सलामी, राष्ट्रगान व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। जिसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह में आईटीबीपी, जिला पुलिस बल, एनसीसी और स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं की टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। तत्पश्चात स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंच व बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, बिजली आपूर्ति, पेयजल आदि के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को उनको सौंपे गए दायित्वों के अनुसार सारी तैयारियां समय से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

### सांसद संतोष पांडेय करेंगे मोहला मानपुर,अंबागढ़ चौकी में ध्वजारोहण

**मोहला 25 जनवरी ।** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह में लोकसभा सांसद, राजनांदगांव श्री संतोष पांडेय 26 जनवरी को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण एवं संदेश वाचन किया जाएगा।

## कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में किया गणतंत्र दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल





रायगढ़, 25 जनवरी । शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में 26 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के तहत फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न हुई। रिहर्सल के दौरान समारोह में शामिल सभी कार्यक्रमों का क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित अभ्यास किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, सहायक कलेक्टर श्री अक्षय डोसी, नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो एवं श्री रवि राही, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल सहित प्रशासनिक एवं जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। रिहर्सल के दौरान सहायक कलेक्टर श्री अक्षय डोसी ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड की सलामी ली। इसके पश्चात परेड निरीक्षण, मार्च पास्ट एवं स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने समारोह स्थल का निरीक्षण कर मंच एवं बैठक व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, विद्युत आपूर्ति, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उल्लेखनीय है कि 26 जनवरी को शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग विकास, अल्पसंख्यक विकास विभाग, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम द्वारा प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 6वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल, महिला पुलिस बल, नगर सेना (महिला एवं पुरुष), एनसीसी कैडेट एवं स्काउट-गाइड की टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट किया जाएगा। साथ ही शहीदों के परिजनों का सम्मान, दिव्यांग विद्यार्थियों को टैब एवं स्मार्ट वॉच वितरण, झांकियों की प्रस्तुति, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा।



## पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ

**रायगढ़, 25 जनवरी।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत क्रेडिट कार्ड के शुभारंभ एवं ऋण वितरण का कार्यक्रम नगर पालिका निगम रायगढ़ के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम देशभर के सभी नगरीय निकायों में एक साथ आयोजित किया गया।

उल्लेखनीय है कि आज ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तिरुवनंतपुरम (केरल) में वृहद कार्यक्रम के माध्यम से पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत क्रेडिट कार्ड का औपचारिक शुभारंभ करते हुए देशभर के एक लाख से अधिक हितग्राहियों को ऋण वितरित किया गया। इसी क्रम में रायगढ़ नगर निगम में सांकेतिक रूप से सभापति श्री डिग्रीलाल साहू की उपस्थिति में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण एवं रूपे क्रेडिट कार्ड हितग्राहियों को प्रदान कर योजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना, जिसे वर्ष 2024 में संशोधित कर 31 मार्च 2030 तक विस्तारित किया गया है, जिसका उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर्स का समग्र एवं सतत विकास सुनिश्चित करना है। योजना के तहत अब 15 हजार रुपए से 25 हजार एवं 50 हजार रुपए तक की बढ़ी हुई ।

## किन्नर समाज के लिए विशेष वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित



**रायगढ़, 25 जनवरी ।** किन्नर समाज को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रणी बैंक रायगढ़ द्वारा रायगढ़ में विशेष वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज (डीएफएस) के निर्देशानुसार वित्तीय समावेशन अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य किन्नर समाज को सुरक्षित और औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना है।

शिविर में प्रतिभागियों को बचत खाता खोलने की प्रक्रिया, बचत का महत्व, बजट बनाना, निवेश के सिद्धांत, निवेश में सुरक्षा, तरलता एवं लाभप्रदता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान वित्तीय साक्षरता के मूलभूत सिद्धांतों- कमाना, खर्च करना, उधार लेना, बचत, निवेश एवं बीमा सुरक्षा के बारे में सरल एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किन्नर समाज को स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया तथा बैंकों द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

शिविर में डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा, साइबर सुरक्षा और धोखाधड़ी से बचाव पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री कमल किशोर सिंह ने साइबर फ्रॉड की स्थिति में टोल फ्री नंबर 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की जानकारी साझा की। शिविर में श्री राजकुमार शर्मा, एफएलसी काउंसलर ने भी सहभागिता करते हुए वित्तीय निर्णयों से जुड़ी महत्वपूर्ण सलाह दी।

### छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के वर्ष 24-25 में

## मेरिट में आने वाले 10 विद्यार्थियों का राज्यपाल ने किया सम्मान



**रायगढ़, 25 जनवरी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा वर्ष 2024 एवं 2025 की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर में किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाने वाले प्रदेष सहित रायगढ़ जिले के 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया और बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

प्रतिभा सम्मान समारोह में रायगढ़ जिले से माध्यमिक शिक्षा मंडल के वर्ष 2024 की कक्षा 10वीं के प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले खुशी पटेल, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल घरघोड़ा, करुणा कैवर्त, महेंद्र सिंह पटेल मेमोरियल आदर्श हायर सेकेंडरी नंदेली, बबिता पटेल, शासकीय हाई स्कूल तेलीपाली पुसौर, उमेश बिरहोर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुडेकेला, धरमजयगढ़, इसी तरह वर्ष 2025 की प्रावीण्य सूची में कक्षा 12वी में स्थान बनाने वाले कृतिका यादव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़ातराई, पुसौर, तरंग अग्रवाल, एम.पी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईरदादर, रायगढ़, वर्ष 2025 की कक्षा 10वी की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले हेमलता पटेल, सेंट माइकल अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लैलूंगा, आयुषी कुमारी, वुड्स वैली उच्चतर माध्यमिक शिक्षा विद्यालय कसडोल, तमनार, रौनित चौहान, स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतरा, रायगढ़, राकेश विरहोर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुडेकेला, धरमजयगढ़ शामिल है।

### एक ही परिवार के दो भाई हुए सम्मानित

प्रतिभा सम्मान समारोह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुडेकेला अध्ययनरत रहे विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय बिरहोर परिवार के दो भाईयों को सम्मानित किया गया। उमेश बिरहोर ने वर्ष 2024 और राकेश बिरहोर ने 2025 में कक्षा 10वी में विशेष जाति (पीटीजी) श्रेणी में प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया था, इनके पिता सुधराम बिरहोर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुडेकेला हॉस्टल में रसोईया का कार्य करते हैं।

## पढ़ने की आदत व्यक्तित्व विकास की महत्वपूर्ण कड़ी:राधेश्याम राठिया



**रायगढ़, 25 जनवरी ।** शासकीय जिला ग्रंथालय, रायगढ़ में आज पठन की आदतों का विकास विषय पर सारगर्भित एवं प्रेरक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुआ। यह आयोजन नेशनल लाइब्रेरी मिशन के अंतर्गत विद्यार्थियों में नियमित अध्ययन और पठन संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का सशक्त केंद्र है और पढ़ने की आदत बच्चों के व्यक्तित्व विकास की मजबूत नींव तैयार करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पठन को जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि यही भविष्य निर्माण की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

विषय-विशेषज्ञों ने पठन संस्कृति के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। नागपुर विश्वविद्यालय से प्रोफेसर शालिनी लिहितकर ने पुस्तकालय और सूचना विज्ञान के संदर्भ में अध्ययन पद्धति समझाई। राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन, कोलकाता से प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री दीपांजन चटर्जी ने मिशन की गतिविधियों की जानकारी दी। शासकीय किशोरी मोहन त्रिपाठी कन्या महाविद्यालय से सहायक प्राध्यापक श्री रंजीत बारीक और करियर मार्गदर्शक श्री अबरार हुसैन ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में पढ़ाई की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वी.राव ने कहा कि डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों में पढ़ने की घटती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए पठन को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन सेजेस नोडल अधिकारी व्याख्याता श्री बीर सिंह ने किया। जिला ग्रंथालय प्रभारी श्री अशोक पटेल ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना करें सुनिश्चित:विजय शर्मा




**मोहला, 25 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुनिश्चित करने तथा प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत विभाग की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने योजनाओं के पालन प्रतिवेदन की जानकारी ली। इस अवसर पर सीईओ, जिला पंचायत द्वारा मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत, प्रगतिरत एवं लंबित कार्यों की जानकारी दी गई। उप मुख्यमंत्री ने जिले में लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रकरणों पर जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों को हितग्राहियों को प्रेरित कर आवास निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर उनके उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में उपलब्ध स्थानीय वनोपज की जानकारी लेते हुए उनके खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा, जिससे स्थानीय संसाधनों का वैल्यू एडिशन कर रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकें। उन्होंने सीएलएफ मुख्यालय में महतारी सदन की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजने, बैठकों को अधिक उपयोगी बनाने तथा भावी रोजगारमुखी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। सीईओ जिला पंचायत ने जानकारी दी कि स्थानीय स्तर पर राजमिस्त्रियों की कमी को दूर करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही आवास प्रगति सभा के माध्यम से पीएम आवास हितग्राहियों को निर्माण कार्य में प्रगति लाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्व-सहायता समूहों, मछली पालन समूहों एवं ÷मोर गांव मोर पानी÷ अभियान की भी जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री ने पंचायतों में पंजी संधारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।गृह विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में नक्सल मूवमेंट, नक्सली संगठन, घुसपैठियों एवं जुआ-सट्टा पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। इस संबंध में उन्होंने पृथक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए।

# उठाव रोककर किसानों को धान बेचने से वंचित करना चाहती है साय सरकार : विनोद चंद्राकर



**महासमुंद,25 जनवरी।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि शासन द्वारा धान उठाव में रोक लगाकर खरीदी प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। अभी भी जिले भर के सोसायटियों में धान बेचने के लिए अपनी बारी का इंतजार हजारों किसान कर रहे हैं। अकेले बरोंडाबाजार सोसायटी में ही 218 किसानों का टोकन अभी तक नहीं कट पाया है। धान का उठाव नहीं होने के कारण यहां जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। खरीदी के लिए महज 4 दिन का समय ही शेष है। ऐसे में इन किसानों को धान नहीं बिक पाने का चिंता सता रहा है। बरोंडाबाजार सोसायटी में 218 छोटे किसानों से 10 हजार क्विंटल से अधिक का धान खरीदा जाना शेष है। किसानों का कहना है कि उनका धान नहीं बिकने से वे सोसायटी का चक्कर लगा रहे हैं। खरीदी लिमिट और उठाव नहीं होने के कारण सोसायटी में धान जाम है। टोकन जारी नहीं हो पाने से किसान अधिक परेशान हैं। चंद्राकर ने कहा कि यही स्थिति रहा तो समय-सीमा में इन किसानों का धान नहीं बिक पाएगा। धान खरीदी के लिए किसान समय आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इन किसानों में अधिकांश ऐसे भी किसान हैं जो रबी फसल लेते हैं। लेकिन, खरीफ का धान अभी तक नहीं बिका है, ऐसे में वे रबी की तैयारी भी नहीं कर पा रहे हैं। खेत की मताई, जोताई आदि के लिए उनके पास पैसे नहीं है। उन्होंने कहा कि धान का उठाव रोककर सरकार पुनः सोसायटियों के धान को चूहों के नाम पर गायब करने की साजिश रच रही है। क्योंकि, महासमुंद सहित प्रदेश के विभिन्न सोसायटियों में सरकारी चूहों ने करोड़ों का धान खाया है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि एक तरफ जिले के हजारों किसान अपना धान नहीं बेच पाए हैं, उन्हें टोकन तक जारी नहीं किया जा रहा। दूसरी ओर सोसायटियों में करोड़ों का धान बफर लिमिट पार कर चुका है। धान खरीदी पूरी तरह बाधित हो रहा है। वहीं, अब सरकार धान का उठाव रोककर बचे हुए किसानों को धान बेचने से वंचित करना चाहती है। महासमुंद जिले में अभी तक लगभग 25 हजार किसान धान नहीं बेच पाए हैं। इसके अलावा किसानों को परेशान करने की नीयत से सरकार किसानों के घर जाकर उनका जमीन व धान का भौतिक सत्यापन करने की बात कह रही है। इससे यहीं सद्ध होता है कि सरकार किसानों को पूरी तरह परेशान कर धान बेचने से वंचित करना चाहती है।चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में कभी भी किसानों को इस तरह की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ा था। पूरे 5 साल निर्बाध रूप से धान खरीदी की गई। भूपेश सरकार की बेहतर नीति के कारण सोसायटियों में धान जाम होने जैसा हालात कभी सामने नहीं आया। 72 घंटे में उठाव की नीति बनाकर पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने किसानों को राहत प्रदान की। प्रदेश के समस्त किसानों का एक-एक दाना धान खरीदा गया। आवश्यकता पड़ने पर खरीदी समय बढ़ाकर किसानों का धान खरीदा। लेकिन वर्तमान में भाजपा की साय सरकार अपने दो वर्ष के कार्यकाल में ही धान खरीदी में पूरी तरह असफल साबित हुआ है।

### कलेक्टर ने किया स्कूलों एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**कांकेर 25 जनवरी।** जिले के कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने गुरुवार को अंतागढ़ विकासखंड के विभिन्न स्कूलों और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तथा सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने तुमसनार पोटा केबिन हायर सेकेंडरी स्कूल, नागरबेड़ा पोटा केबिन हाई स्कूल, आमाबेड़ा का आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल, बड़े पिंजोड़ी हाई स्कूल का निरिक्षण किया तथा बड़े पिंजोड़ी में दो अतिरिक्त कक्ष और दो शौचालय का निर्माण कराने के लिए निर्देशित किया।तुमसनार में हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए भवन निर्माण का प्रस्ताव भेजनें के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्री क्षीरसागर एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री मंडावी नें ग्राम सेमरगांव में प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित होने वाले पेन करसाड़ स्थल का भी अवलोकन किया तथा समाज के लोगों से चर्चा कर इस पेन करसाड़ के सम्बन्ध में जानकारी ली । उन्होंने करसाड़ स्थल में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारीयों को दिये। उल्लेखनीय हैं की इस पेन करसाड़ में कई राज्यों से गोंडवाना समाज के लोग पहुंचते हैं। कलेक्टर नें सेमरगांव में संचालित गोंडी पाठशाला का भी अवलोकन किया ।

विकास विश्वास सुरक्षा

# गणतंत्र दिवस 2026 के पावन पर्व पर

## समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

संदेश

1. देश की रक्षा के लिए पुलिस का सहयोग करें तथा कानून का पालन करें।
2. आपराधिक, असामाजिक एवं अलोकतांत्रिक लोगों के बहकावे में आकर अपना जीवन बर्बाद न करें।
3. माओवादी हिंसा त्याग कर आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में शामिल होकर क्षेत्र एवं राज्य के विकास में भागीदार बनें।

## माओवादियों से अपील

हिंसा त्याग कर आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो और शासन के पुनर्वास योजना के तहत् नौकरी, घर एवं खुशहाल पारिवारिक जीवन का लाभ लें।

| क्र. | धारित पद | छत्तीसगढ़ शासन द्वारा माओवादियो पर घोषित ईनाम राशि |
|---|---|---|
| 1. | DKSZC सदस्य | 25 लाख रूपये |
| 2. | मिलेट्री कपनी कमाण्डर | 10 लाख रूपये |
| 3. | मिलेट्री प्लाटून कमाण्डर/डिप्टी कमाण्डर/सदस्य/एरिया कमेटी सचिव/ एक्शन कमाण्डर/टेकनिकल टीम प्रभारी | 08 लाख रूपये |
| 4. | एल.जी.एस. कमाण्डर/एल.ओ.एस. कमाण्डर | 05 लाख रूपय |
| 5. | एल.जी.एस. डिप्टी कमाण्डर/एल.ओ.एस.डिप्टी कमाण्डर/सेक्शन डिप्टी कमाण्डर | 03 लाख रूपये |
| 6. | मेडिकल टीम प्रभारी/ एक्शन टीम सदस्य | 02 लाख रूपये |
| 7. | एल.जी.एस. सदस्य/एल.ओ.एस. सदस्य/जनमिलिशिया कमाण्डर/ डीकेएमएस अध्यक्ष/केएमएस अध्यक्ष/सीएनएम अध्यक्ष | 01 लाख रूपये |
| 8. | प्रोत्साहन राशि | 50 हजार रूपये |

विनीत : जिला पुलिस,दक्षिण बस्तर-दन्तेवाड़ा (छ0ग0)





कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26